दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
रायपुर, गुरुवार 8 अप्रैल 2021, कृष्ण पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-61 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

मुंबई में कभी एक अच्छी कदकाठी वाला गुंडा हुआ करता था शेख मुख्तार। जिसे किसी फिल्मकार ने फिल्मों में ब्रेक देकर बॉलीवुड का अपराधीकरण किया था। बाद में राजनीति का भी अपराधीकरण हुआ। कई डकैत, लुटेरे और हत्यारे नेता बन गए। जिनकी जगह जेल की काल कोठरी होनी चाहिए वे प्रजातंत्र के पवित्र मंदिरों में विराजकर माननीय ही नहीं पूज्यनीय भी हो गए। उन्ही में से एक है शेख मुख्तार जैसी डील-डौल वाला मुख्तार अंसारी। जिसे खबरिया चैनल वाले इतना ज्यादा कव्हरेज दे रहे है मानों वह बहुत बड़ा वीआईपी हों। टीआरपी के लिए ये पता नहीं और कितना गिरेंगे?

राजधानी 9 से 19 अप्रैल तक लॉकडाउन

कारोबारियों और अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने की घोषणा, धार्मिक आयोजन रहेंगे रद्द

■ 10 दिवसीय टोटल लॉकडाउन की घोषणा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना वायरस की बेलगाम रफ्तार के कारण संक्रमितों की संख्या 10 हजार पार होते ही राज्य शासन के निर्देश पर कलेक्टर द्वारा कोरोना मामलों की समीक्षा के उपरांत आज कारोबारियों और अधिकारियों की बैठक के बाद कलेक्टर रायपुर डॉ. भारती दासन ने 9 अप्रैल शाम 6 बजे से 19 अप्रैल के सुबह 6 बजे तक 10 दिवसीय टोटल लॉकडाउन की घोषणा की। बैठक के बाद तत्काल प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने बताया कि लॉकडाउन समस्या के समाधान अंतिम हथियार है। लॉकडाउन की अवधि में समस्त धार्मिक आयोजन रद्द रहेंगे। सरकारी वाहन, एटीएम सेंटर एवं मेडिकल इमरजेंसी को छूट रहेगी। कलेक्टर ने बताया कि लगातार बढ़ रहे मामलों को देखते हुए संपूर्ण जिले में लॉकडाउन रहेगा।

बिना वजह घूमने वालों के खिलाफ चौक-चौराहों तैनात पुलिस जवानों एवं अधिकारियों द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने पत्रकारवार्ता में बताया कि मान्य संस्थाओं के प्रमुखों द्वारा मान्य दस्तावेज प्रस्तुत करने पर वैक्सीनेशन के लिए आवाजाही की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

मिलकर लड़ेंगे तभी कोरोना को परास्त कर सकेंगे: सीएम बघेल

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में राज्य के सभी संभागीय मुख्यालयों पर उपस्थित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुखों से कोरोना से रोकथाम और बचाव के उपायों में राज्य शासन के साथ सहयोग की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कोरोना से हम सब मिलकर लड़ेंगे तभी कोरोना को परास्त कर सकेंगे। पिछले साल भी समाज के लोगों ने इस कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था, इस बार भी सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर सहयोग करने का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह समय है जब हम सब संगठित होकर कोरोना से बचाव के नियमों का कड़ाई से पालन करें । बार-बार हाथ धोते रहें, मास्क का प्रयोग करें और फिजिकल डिस्टेंस बनाकर रखें। बचाव में ही हमारी सुरक्षा है। हम सबको कड़ाई से इसका पालन करना चाहिए।

दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीमारी की गंभीरता के आधार पर मरीजों को अस्पताल में बिस्तर उपलब्ध कराने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कोविड टीकाकरण तेजी से हो रहा है और कोरोना संक्रमण जांच की संख्या भी लगातार बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा, ''राज्य में संक्रमण की दर और रोज हो रही मौतें चिंताजनक है।'' उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अनावश्यक रूप से घरों से न निकलें और कोविड दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। बघेल ने कहा कि पिछले वर्ष जिस तरह से समाज के सभी तबकों के सहयोग से कोरोना ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सक्रिय मरीज 50 हजार से पार

कोरोना संक्रमण से राज्य की हालात लगातार खराब होते है। पिछले 24 घंटे में जहां रिकॉर्ड 9921 नए संक्रमित मरीज मिले हैं, वहीं इस दौरान रिकार्ड 53 संक्रमितों की मौत हो गई। राज्य में कोरोना के सक्रिय मरीजो की संख्या भी 50 हजार के पार पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, राज्य में 9921 नए कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं उनमें सर्वाधिक 2821 रायपुर के हैं।

10वीं बोर्ड की 15 अप्रैल और 12वीं बोर्ड की परीक्षा 3 मई से

■ कोरोना संक्रमण, लॉकडाउन, कंटेनमेंट जोन के कारण अनुपस्थित परीक्षार्थियों को विशेष परीक्षा में बैठने की होगी अनुमति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने कोरोना संक्रमण की वजह से छात्रों का साल बर्बाद न हो, इसको ध्यान में रखते हुए 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षा ऑफलाइन मोड में निर्धारित समय-सारणी के अनुसार आयोजित किए जाने का निर्णय लिया है। 10वीं बोर्ड की परीक्षाएं 15 अप्रैल से एक मई तक तथा 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं 3 मई से 24 मई तक ऑफ्लाइन मोड में आयोजित होंगी। कोरोना को ध्यान में रखते हुए बोर्ड द्वारा छात्रहित में लिए गए निर्णय के अनुसार छात्रों के प्रवेश पत्र तथा परीक्षा केन्द्रों के अधिकारियों-कर्मचारियों के ड्यूटी आदेश के आधार पर परीक्षा केन्द्र तक आने-जाने की अनुमति रहेगी। बोर्ड ने यह निर्णय लिया है कि जो परीक्षार्थी कोरोना संक्रमण, लॉकडाउन, कंटेनमेंट जोन आदि के कारण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

होम आइसोलेशन के मरीजों को आपात स्थिति में हॉस्पिटल पहुंचाने के लिए कंट्रोल रूम 24 घंटे शुरू

रायपुर। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कोविड 19 नियंत्रण कक्ष के नोडल अधिकारी डॉ गौरव कुमार सिंह ने होम आईसोलेशन में रह रहे मरीजों को आपात स्थिति में हॉस्पिटल पहुंचाने, एम्बुलेंस व्यवस्था, कोविड केयर सेन्टरों के प्रभारी डॉक्टरों एवं मरीजों के मध्य आवश्यक समन्वय के लिए कंट्रोल रूम में चार पालियों में अधिकारी - कर्मचारियों की 24 घंटे की ड्यूटी लगाई है। कंट्रोल रूम का फोन न -75661-00283, 75661-00284 और 75661-00285 है। उन्होंने जिला रायपुर में कोविड-19 कंट्रोल रूम के लिए 2 सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए है। ए.ओ. लॉरी, उप संचालक रोजगार मो.- 9406346840 एवं डी.के. सिंह, उप संचालक मत्स्य पालन मो.- 8839778979 सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। उनके सहयोग के लिए 4 पालियों में अधिकारियों को ड्यूटी लगाई गई है। इसके तहत प्रथम पाली में सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक कुन्दन सिंह डी.पी.एम. एन आर एल एम जिला पंचायत,मों नं 86760-56184,विक्रम सिंह लोधी, मों नं 9179113793 डी.पी.एम., एन.आर.एल.एम., जि.पं एवं शिवेन्द सिंह,मों नं- 9893061946, डी.पी.एम., एन.आर.एल.एम जि पं. काम करेंगे।

चार पालियों में अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

खास-खबर

मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी का प्रसारण 11 अप्रैल को

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 17 वीं कड़ी का प्रसारण 11 अप्रैल रविवार को होगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार नया बजट, नए लक्ष्य विषय पर प्रदेशवासियों से बातचीत करेंगे। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफएम. रेडियो और क्षेत्रीय समाचार चैनलों से सुबह 10.30 से 11 बजे तक होगा।

नया बजट, नए लक्ष्य पर होगी केंद्रित

व्यापारियों का उद्धव ठाकरे को अल्टीमेटम, वापस ले फैसला

मुंबई। महाराष्ट्र में कोरोना के तेजी से बढ़ते मामलों के चलते उद्धव सरकार ने बीते दिनों 30 अप्रैल तक सभी गैर-जरूरी दुकानों को बंद रखने का फैसला किया, जिसका अब विरोध किया जाने लगा है। महाराष्ट्र के व्यापारियों ने उद्धव ठाकरे को अल्टीमेटम देते हुए फैसले को वापस लेने के लिए कहा है। फेडरेशन ऑफ असोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र (एफएएम) जिसके दो लाख से अधिक छोटे व्यापारी मेंबर हैं, उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकरे को यह अल्टीमेटम दिया है। महाराष्ट्र सरकार ने कड़ी पाबंदियों को लागू करते हुए सभी गैर जरूरी दुकानें, मार्केट्स और मॉल्स को 30 अप्रैल तक बंद रखने का निर्णय किया था। इस फैसले पर बात करते हुए एफएएम के प्रेसिडेंट विनेश मेहता ने कहा कि पिछले साल लागू किए गए लॉकडाउन से हम किसी तरह उबर रहे थे, कि फिर से यह पाबंदियां लागू कर दी गईं। इससे छोटे कारोबार पूरी तरह से खत्म हो जाएंगे। एफएएम ने फैसला लिया है कि अगर मुख्यमंत्री उनकी बातों को नहीं मानते हैं, तो वे इसका विरोध करेंगे।

सचिन वाझे ने एनआईए को लिखा लेटर- हां, देशमुख ने उगाही करने को कहा था, मंत्री अनिल परब पर भी सनसनीखेज आरोप

मुंबई(ए.)। एंटीलिया केस और मनसुख हिरेन की हत्या केस में गिरफ्तार निलंबित पुलिस अधिकारी सचिन वाझे ने मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर परमबीर सिंह के आरोपों पर मुहर लगा दी है। सचिन वाझे ने एनआईए को लिखे लेटर में आरोप लगाया है कि महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख और राज्य के ट्रांसपोर्ट मंत्री अनिल परब ने उन्हें उगाही करने को कहा था। इससे पहले परमबीर सिंह ने भी आरोप लगाय था कि देशमुख ने ही वाझे को हर महीने 100 करोड़ रुपए उगाही का टारगेट दिया था। उद्योपति मुकेश अंबानी के घर के बाहर विस्फोटक वाली कार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

परिवहन मंत्री पर भी लगा आरोप

एक रिपोर्ट के मुताबिक, सचिन वाझे ने एनआई को हाथ से लिखे लेटर में दावा किया है कि एनसीपी चीफशरद पवार मुंबई पुलिस में उसकी बहाली के विरोध में थे। अनिल देशमुख ने उसे (वाझे) कहा था कि यदि वह 2 करोड़ रुपए लाकर देगा तो वह शरद पवार को मना लेंगे। वाझे ने यह भी दावा किया कि महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री अनिल परब ने भी उसे बीएमसी से जुड़े 50 ठेकेदारों से 2-2 करोड़ रुपए उगाही करने को कहा था। चार पेज के इस लेटर को वाझे ने एनआईए कोर्ट में जमा कराया है।

पंजाब में 30 अप्रैल तक लगा नाइट कर्फ्यू

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने राज्य में 30 अप्रैल तक के लिए नाइट कर्फ्यू लगाने का ऐलान किया है। यह कर्फ्यू प्रदेश के सभी जिलों में लागू होगा। नाइट कर्फ्यू रात को 9 बजे से शुरू होगा और सुबह 5 बजे तक लागू रहेगा। इससे पहले नाइट कर्फ्यू प्रदेश के 12 जिलों में ही 10 अप्रैल तक लागू था, लेकिन अब इस पूरे प्रदेश में लगाने का ऐलान किया गया है। बुधवार को सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह के नेतृत्व में कोरोना केसों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

100 ज्यादा लोगों को अपने कार्यालय में ही लगेगा टीका

नई दिल्ली ।केंद्र सरकार ने कोरोना टीकाकरण की रफ्तार को बढ़ाने के लिए सरकारी एवं निजी कार्यालयों में भी टीकाकरण केंद्र स्थापित करने का फैसला किया है। इसके तहत यदि किसी सरकारी या निजी दफ्तर में 100 से ज्यादा लोग 45 साल से अधिक उम्र के हैं तो वहां केंद्र बनाकर टीकाकरण किया जा सकता है। नजदीकी सरकारी या निजी अस्पताल की टीम इस कार्य को अंजाम देगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसके लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राज्यों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों एवं प्रधान सचिव (स्वास्थ्य) को भेजे पत्र में कहा है कि राज्य टीकाकरण को बढ़ाने के लिए 11 अप्रैल से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोरोना पर काबू पाने कार्यस्थल पर टीकाकरण को मिल सकती है मंजूरी, इस दिन से हो सकती है शुरुआत

नक्सलियों ने जारी की अगवा किए जवान राकेश्वर सिंह की तस्वीर

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के सीमावर्ती तर्रेम-सिलगेर व सुकमा सीमावर्ती के टेकूलागुड़ा (जिरागांव) में हुए शनिवार को नक्सली हमले के 22 जवान शहीद व 31 जवान घायल हो गये है वही हमले के बाद से अगवा किया गए कोबरा बटालियन के जवान राकेश्वर सिंह मन्हास की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बेटी को है पिता का इंतजार

मोदी जी जैसे आपने पाकिस्तान से अभिनंदन को वापिस लाया था वैसे ही मेरे पति को वापिस ले आओ. तर्रेम मुठभेड़ के बाद नक्सलियों के चंगुल में फंसे राकेश्वर सिंह मन्हास की पत्नी ने की अपील, बेटी को है पिता का इंतजार सकुशल छोड़ दें नक्सली।

संसद: जीएसटी को नागरिकों के लिए आसान बनाना चाहती थी, लेकिन लागू करने के दौरान यह मकसद से भटक गया:

नई दिल्ली। देश में गुड्स ऐंड सर्विस टैक्स (तस्ज्ञ) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की है। जीएसटी को लागू करने के तरीके पर नाराजगी जताते हुए कोर्ट ने कहा कि संसद की मंशा थी कि जीएसटी सिटिजन फ्रेंडली टैक्स हो, लेकिन जिस तरह से इसे देश भर में लागू किया जा रहा है, वह इसके मकसद को खत्म कर रहा है। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि टैक्समैन हर बिजनेसमैन को धोखेबाज नहीं कह सकता।

हिमाचल प्रदेश जीएसटी के एक प्रावधान को चुनौती वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने उक्त टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि संसद की मंशा थी कि जीएसटी सिटिजन फ्रेंडली टैक्स स्ट्रक्चर बने। लेकिन जिस तरह से इसे देश भर में लागू कराया जा रहा है, इसका मकसद खत्म हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने जीएसटी को लागू करने के तरीके पर नाराजगी जताई और कहा कि टैक्समैन हर बिजनेसमैन को धोखेबाज नहीं कह सकता।

कांफ्रेंस केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से वर्चुअल बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने दी जानकारी, कर रहे संक्रमण के करोकथाम के उपाय

रोजाना 3-4 लाख लोगों को लग रहे कोरोना से बचाव के टीके: सिंहदेव

■ गाइडलाइन का छत्तीसगढ़ में हो रहा सख्ती से पालन

■ कोरोना टेस्ट और टीकाकरण की क्षमता बढ़ाकर संक्रमण रोकने की प्रभावी पहल

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने राज्य में कोरोना संक्रमण के प्रभावी नियंत्रण के लिए भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का सख्ती से पालन किए जाने के साथ ही कोरोना टेस्टिंग की संख्या में बढ़ोतरी के साथ ही वृहद पैमाने पर कोरोना वैक्सीनेशन किया जा रहा है। राज्य में रोजाना 3 से 4 लाख लोगों को कोरोना से बचाव के टीके लगाए जा रहे हैं तथा 36 से 40 हजार लोगों की कोरोना संक्रमण की जांच की जा रही है।

स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने यह जानकारी केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन द्वारा कोरोना संक्रमण के रोकथाम के उपायों एवं वैक्सीनेशन के संबंध में आयोजित राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों की वर्चुअल बैठक में दी गई। इस वर्चुअल बैठक में देश के 11 राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव ने बताया कि फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन के साथ ही मास्क, सेनेटाइजर के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा सामूहिक कार्यक्रमों और शादी-विवाह एवं अन्य प्रयोजनों के दौरान लोगों की संख्या सीमित रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन से अध्यधिक कोरोना संक्रमण वाले स्थानों में लॉकडाउन संबंधी ऑब्जेटिव क्रायटेरिया निर्धारित करने का भी अनुरोध किया।

टेस्ट ज्यादा होने से बढ़ी संख्या

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री ने इस वर्चुअल बैठक में जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ में बीते दो माह में कोरोना संक्रमण तेज हुआ है। इसको ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा कोरोना संक्रमितों की टेस्टिंग की संख्या में वृद्धि किए जाने के साथ ही कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य भी युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोरोना टेस्ट की संख्या में बढ़ोतरी होने से संक्रमितों के पहचान की संख्या में भी वृद्धि हुई है। चिन्हित संक्रमितों का चिकित्सालयों एवं होम आइसोलेशन के माध्यम से प्रभावी इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में गाइडलाइन का कड़ाई से पालन, कोरोना टेस्टिंग एवं वैक्सीनेशन की वजह से यह उम्मीद है कि जल्द ही कोरोना संक्रमण कम हो जाएगा।

अनिल अंबानी के बेटे ने किया लॉकडाउन का विरोध, कहा-

समाज और अर्थव्यवस्था की टूट जाएगी कमर

मुंबई (ए.)। कारोबारी अनिल अंबानी के बेटे अनमोल अंबानी ने कोरोना संकट से निपटने के लिए लॉकडाउन जैसी पाबंदियों का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन का मकसद स्वास्थ्य की चिंता करना नहीं है बल्कि नियंत्रण करना है और इससे समाज एवं अर्थव्यवस्था की कमर ही टूट जाएगी। रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के पूर्व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने एक के बाद एक कई ट्वीट कर कहा कि सेमी-लॉकडाउन जैसे हालात से छोटे कारोबारियों और दिहाड़ी मजदूरों की जिंदगी प्रभावित होगी। एक ट्वीट में अनमोल अंबानी ने लिखा, 'पेशेवर अभिनेता अपनी फिल्मों की शूटिंग कर सकते हैं। प्रोफेशनल क्रिकेटर देर रात खेल सकते हैं। पेशेवर नेता रैलियां भी कर सकता हैं। लेकिन आपका कारोबार या काम जरूरी नहीं है।' #scamdemic लिखते हुए अनमोल अंबानी ने कहा, 'आखिर जरूरी होने का अर्थ क्या होता है? हर किसी का काम उसके लिए जरूरी होता है।' एक अन्य ट्वीट में अनमोल अंबानी ने कहा कि इन लॉकडाउंस का हेल्थ से कोई संबंध नहीं रहा है।

न्यूज गैलरी

लॉक डाउन का सख्ती से पालन कराने भिलाई के मोबाइल टीम ने किया शहर का निरीक्षण

भिलाई नगर (नव प्रदेश)। निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर भिलाई निगम क्षेत्र में लॉक डाउन का सख्ती से पालन कराने के लिए आज भिलाई निगम की मोबाइल टीम ने प्रातः से निरीक्षण करना प्रारंभ कर दिया! 1 दिन पूर्व भी सभी क्षेत्रों में घूम-घूम कर लॉकडाउन में दुकानें बंद रखने समझाई दे दी गई थी! आज मोबाइल टीम ने सभी मार्केट क्षेत्र, बाजार क्षेत्र, दुकानों का निरीक्षण किया! लॉकडाउन से छूट प्राप्त दुकानों एवं संस्थाओं को छोड़कर शेष दुकाने बंद पाई गई! वहीं कुछ लोग निकल कर आवागमन कर रहे थे जिनसे पूछताछ की गई , इनके पहचान पत्र का निरीक्षण किया गया! इनमें से कई चिकित्सक निकले जो अस्पताल की ओर रवाना हो रहे थे, कुछ अपना इलाज कराने के लिए निकले थे, कुछ कोविड टेस्ट एवं टीकाकरण के लिए निकले थे! इनकी चिकित्सक द्वारा दी गई रिपोर्ट का परीक्षण किया गया! इस प्रकार से घरों से इमरजेंसी कार्य से आने-जाने वालों का पहचान पत्र की रोक-रोक कर जांच की गई! टीम ने नेहरू नगर, वैशाली नगर, खुर्सीपार, सेक्टर क्षेत्र एवं मदर टैरेसा नगर के सभी क्षेत्रों का निरीक्षण किया! दुकानें बंद पाई गई! निगम आयुक्त के निर्देश पर भिलाई निगम की मोबाइल टीम पूरे शहर का दौरा कर रही है! अनावश्यक निकलने वालों से सघन पूछताछ की जा रही है! सभी से लॉक डाउन का कड़ाई से पालन करने की अपील की जा रही है! आज लॉकडाउन के प्रथम दिन पूरे शहर में सन्नाटा पसरा रहा! रहवासी लॉकडाउन में अपने घर पर सुरक्षित रह कर शासन-प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं! कोरोनावायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि घर पर रहें, सुरक्षित रहें! कोविड से संबंधित लक्षण दिखाई देने पर अपना कोरोना जांच जरूर कराएं!

मर्चुरी में अन्य जिलों से भी लाये जा रहे मृतकों के शव, इस घड़ी में संयम रखने की जरूरत

दुर्ग (नव प्रदेश)। जिला चिकित्सालय दुर्ग के मर्चुरी की एक वीडियो आज वायरल हुई है। इस वीडियो में कोविड से जान गंवा चुके मृतकों के शव को दिखाया गया है। जिला चिकित्सालय की मर्चुरी में नजदीकी जिलों के मृतकों के शवों को भी लाया जाता है अतएव शवों की संख्या हमेशा दुर्ग जिले में हो रही मौतों के अनुपात में अधिक होती है। हर दिन मृतकों के शवों को अंतिम संस्कार के लिए मुक्ति धाम में भेजा जाता है। इस तरह का वीडियो बनाने का उद्देश्य औचित्य से परे लगता है। इससे समाज मे भय का माहौल बनता है और इससे कोविड के विरुद्ध नागरिक समुदाय की लड़ाई कमजोर होती है। दुर्ग जिला कोविड संक्रमण की गंभीर स्थिति से गुजर रहा है। इस स्थिति का सामना करने संयम और संकल्प शक्ति की जरूरत है। जिला प्रशासन नागरिकों से आग्रह करता है कि कोई भी तस्वीर या वीडियो पुष्टि के बगैर साझा न करें। साथ ही ऐसे वीडियो/फोटो भी साझा न करें जिनसे लोगों में डर का वातावरण पैदा होता हो। संकट की इस घड़ी में सबको संबल बंधाने की जरूरत है। जिला प्रशासन द्वारा हर दिन अतिरिक्त आक्सीजन बेड की व्यवस्था की जा रही है। सामाजिक संगठनों द्वारा भी कोविड केअर सेंटर आरम्भ किये गए हैं इनमें ऑक्सीजन बेड की सुविधा भी दी जा रही है। साहस के साथ परिस्थिति का सामना करें। दुर्ग की जनता अपनी संकल्प शक्ति से हमेशा कठिन परिस्थितियों में विजयी होती रही है। इस बार भी आम जनता के सहयोग से दुर्ग जिला इस आपदा से जल्द ही बाहर आएगा।

धारा 144 : का नियम तोड़ने वालो पर हो कार्यवाही

भाटापारा (नव प्रदेश)। कोरोना का बढ़ते प्रभाव पर कुछ हद तक नियंत्रण रखने के लिए बनाये गए नियमो को लोग ताक में रख रहे है जिस पर अब समय की मार के अनुसार कार्यवाही उचित प्रतीत होती नजर आ रही है वही जिले में प्रभावशील धारा 144 का भी पालन कही होता दिखाई नही दे रहा है जिससे कई प्रकार के सवालिया निशान जेहन में उठ खड़े हुए है की कहां है, धारा 144, कहां हैं, पालन करने और करवाने वाले लोग? हमने निश्चित कर लिया है, नहीं मानेंगे प्रतिबंध का आदेश। बेखौफ बाजार आ और जा रहे हैं, मास्क के बगैर। नियमों को कदम-कदम पर तोड़ना, ना केवल सीख लिया है बल्कि अर्थदंड की सजा भी भुगतने के लिए तैयार हैं लेकिन तैयार नहीं हैं, उस नियम का पालन करने के लिए जो, हमारी और हमारे परिवार को मजबूत सुरक्षा कवच प्रदान करता है। धारा 144 के तहत 31 मार्च को जारी पांच महत्वपूर्ण नियम की जिस तरह अवहेलना की जा रही है, वह यह बताने के लिए काफी है कि हमने कोरोना का भय निकाल फेंका हैं।

स्कूलें बंद हैं लेकिन साईकिल वितरण जैसे काम खूब हो रहे हैं। इनमें जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी देखने में आ रही है। खेल स्पर्धाएं सामान्य दिनों की तरह ही तरह चल रहीं हैं। ज्ञापन भी खूब सौंपे जा रहें हैं। ताजा फरमान, जाति प्रमाण पत्र बनाने का काम स्कूलों में होगा। पांच से अधिक की उपस्थिति पर कड़ा प्रतिबंध है लेकिन नहीं दिखाई देता सोशल डिस्टेंस। मास्क चेहरों पर हैं लेकिन नाक और मुंह के नीचे। ऐसे में, कैसे सुरक्षित रहेंगे। कोविड-19 गाइडलाइन के तहत कई नियमों में से एक, धारा-144 लगाने के आदेश जारी करने वालों ने मौन साध लेना सही मान लिया है क्योंकि हमने सुरक्षा उपायों से नजदीकी नहीं बल्कि दूरी बना ली है। कोरोना संक्रमण का भय अब नहीं सताता। तभी तो बाजार, दुकान और आयोजन में शामिल हो रहे हैं। घुल-मिल रहे हैं ऐसे लोगों से, जिनको घरों में ही रहने की हिदायत जारी की गई है। सम्मान समारोह, पुरस्कार और साइकिल वितरण के अलावा ऐसे कई आयोजन, प्रतिकूल परिस्थितियों में भी खूब हो रहे हैं, जिनमें जनप्रतिनिधि मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं। जाहिर है, जनप्रतिनिधि हैं तो, जन तो होंगे याने भीड़ होगी। ऐसे आयोजन में धारा- 144 को आहत होता हुआ देखा जा सकता है।

निधन

दुर्ग (नव प्रदेश)। दुर्ग-मैथिल पारा जैन मंदिर के पास निवासी श्री मगन लाल सोनी 68 वर्ष का निधन बुधवार को हो गया है।वें प्रकाश सोनी एवं विकास सोनी के पिता,रविश सोनी एवं ओमप्रकाश सोनी के ससुर थे।उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया।

भिलाई (नव प्रदेश)। सांस्कृतिक संस्था लोकमंजरी के गायक मरोदा टैंक निवासी अलख यादव 56 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार प्रशासनिक नियमों के तहत किया गया। वे उषा यादव के पति तथा दृष्टि व शिल्पी के पिता थे। श्री यादव शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पाऊवारा में व्याख्याता (गणित) के पद पर कार्यरत थे। लोकमंजरी एवं शाला परिवार ने श्रद्धांजलि दी है।

क्रेन ऑपरेशन हुआ आसान, क्रेन की उपलब्धता बढ़ी

क्रिएटिव टीम ने बियरिंग शॉप क्रेन का किया मॉडिफिकेशन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र मे मर्चेंट मिल के संचालन में रोल असेम्बली की अहम भूमिका होती है। रोलिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम देने में इन रोल असेम्बली की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मर्चेंट मिल के बियरिंग शॉप में रोल असेम्बली का महत्वपूर्ण कार्य नियमित रूप से सम्पादित किया जाता है। इस कार्य के सुचारू संचालन के लिए क्रेन की उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक हो जाता है। कई बार ऑपरेटर्स के अन्य स्थानों में व्यस्त रहने के कारण क्रेन की उपलब्धता में बाधा आती है और काम प्रभावित होता है। इस समस्या से निजात पाने हेतु मर्चेंट मिल के कर्मवीरों ने कमर कसी।

समस्या समाधान हेतु मॉडिफिकेशन

इस समस्या के समाधान के लिए मर्चेंट मिल विद्युत अनुभाग के क्रेन ब्रिगेड ने क्रेन ऑपरेशन में आवश्यक मॉडिफिकेशन किया है। इस मॉडिफिकेशन के बाद रोल असेम्बली का काम कर रहे कर्मचारीगण ग्राऊंड लेबल से स्वयं ही क्रेन को ऑपरेट कर सकते हैं। इससे क्रेन ऑपरेटर की उपलब्धता ना होने पर भी क्रेन को चलाकर काम चालू रखा जा सकता है।

मॉडिफिकेशन करने वाली टीम

समस्या के समाधान के लिए किये गए मॉडिफिकेशन को अंजाम देने वाली क्रिएटिव टीम में शामिल प्रबंधक (विद्युत) श्री विष्णु प्रसाद ने मॉडिफिकेशन का डिजाईन तैयार किया और उनके नेतृत्व मे क्रेन ब्रिगेड के श्री ईश्वर कुमार पटेल, श्री एम जे राव, श्री डी के वर्मा, श्री ओ पी वर्मा, श्री अश्विन कुमार की टीम ने आंतरिक संसाधनों से इसकी कमीशनिंग की है।

सीजीएम श्री बेदी ने दी बधाई

मुख्य महाप्रबंधक (मर्चेंट मिल एवं वायर रॉड मिल)श्री अजय बेदी ने टीम का हौसला बढ़ाने हेतु इस मॉडिफिकेशन का अवलोकन किया और इस महत्वपूर्ण मॉडिफिकेशन करने वाले विद्युत अनुभाग की टीम को बधाई दी।

लॉकडाउन में भी टीकाकरण के लिए केंद्रों में पहुंच रहे लोग

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। कोरोनावायरस की रोकथाम के लिए प्रशासनिक सक्रियता चरम पर है! हर तरह से इसकी रोकथाम के लिए प्रशासन प्रयासरत है! कलेक्टर एवं भिलाई निगम के प्रशासक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर भिलाई में कोविड टीकाकरण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है! 45 वर्ष एवं अधिक का टीकाकरण हो रहा है! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर भिलाई में आवश्यकता अनुसार टीकाकरण केंद्रों की संख्या में बढ़ोतरी की जा रही है! सोमवार को 55 केंद्र में टीकाकरण का कार्य हुआ था! वही आज बीएसपी क्षेत्र में 6 केंद्र और टीकाकरण के लिए बनाए गए है, वहां भी टीकाकरण का कार्य किया जाएगा! ताकि 45 वर्ष उम्र एवं इससे अधिक प्रत्येक व्यक्ति को कोविड का टीका लगवाने का उद्देश्य पूरा किया जा सके! वही भिलाई में हर वर्ग के लोग टीकाकरण करवा रहे हैं! व्यापारी बंधु, आमजन, बुजुर्ग एवं महिलाएं सभी टीका लगवाने के लिए उत्साहित है! लॉकडाउन के बावजूद अपने नजदीकी केंद्र में पहुंचकर टीका लगवा रहे हैं! टीकाकरण केंद्रों में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने दिशा-निर्देश भी दिया जा रहा है! निर्धारित समय तक ऑब्जर्वेशन में रखा जा रहा है! टीका के लिए आने वाले अधिकतर लोग प्रथम डोज का टीका लगवा रहे हैं! टीका लगवाने के बाद के अनुभव को दूसरों से साझा कर रहे हैं और अन्य लोगों को प्रेरित भी कर रहे हैं! भिलाई शहर के निवासी कोविड का टीका लगवाकर कोरोनावायरस के संक्रमण की रोकथाम में अमूल्य योगदान दे रहे हैं! आज 57 टीकाकरण केंद्रों में 3980 लोगों ने कोविड का टीका लगवाया!

बेवजह घूमने वाले 9 लोगों को पूछताछ कर वापस घर लौटाया

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कमिश्नर हरेश मंडावी ने लॉक डाउन का सख्ती से पालन कराने शहर में शाम को भी निगम अमले के साथ भ्रमण किया । उन्होंने इंदिरा मार्केट हरि बाजार होटल मान एरिया तमिल पारा ब्राह्मण पारा गांधी चौक स्टेशन रोड 3ष्ठ केलाबाड़ी आदि क्षेत्रों में घूम-घूम कर नागरिको को जिला प्रशासन के गाइडलाइन अनुसार लॉकडाउन का पालन करने के लिए सहयोग देने अपील की । शाम को कमिश्नर ने अमले के साथ इंद्रिरा मार्केट क्षेत्र, चौक चौराहे,गली मोहल्ले एव अन्य जगहों पर निरीक्षण किया । इस दौरान ब्राह्मण पारा और गांधी चौक क्षेत्र में 89 लोग घूमते नजर आए उन्होंने इनको बुलाकर घर से बाहर निकलने की वजह पूछा और पूछताछ के बाद उन्हें वापस घर भिजवाए । उन्होंने सभी से लॉक डाउन का कड़ाई से पालन करने कहा । उन्होंने कहा नागरिक लॉकडाउन में अपने घर पर सुरक्षित रह कर शासन-जिला प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं । कोरोनावायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए यह बेहद आवश्यक है कि घर पर रहें, सुरक्षित रहें । कोविड से संबंधित लक्षण दिखाई देने पर अपना कोरोना जांच जरूर कराएं । निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,शिव शर्मा, जसवीर भुवाल,मेनसिंग मंडावी, सुरेश भारती, शौयब अहमद,विनित वर्मा एव निगम अमला मौजूद थे।

तास पत्ती का जुवा खेलते 4 पकड़ाए

भाटापारा (नव प्रदेश)। सार्वजनिक स्थान पर तास पत्ती का जुवा खेल रहे 4 लोगो को पलारी पुलिस ने पकड़कर उनके कब्जे से दो हजार रूपये जब्त किया है।सभी के खिलाफ 13 जुवा एक्ट के तहत पुलिस ने कार्यवाही की है। सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहान के साथ घेराबंदी कर रेड कार्यवाही करते हुए. बुधराम ध्रुव पिता बृजलाल ध्रुव उम्र 24 वर्ष साकिन गुमा थाना सुहेला , दुर्गेश बंजारे पिता चिन्ताराम बंजारे उम्र 26 वर्ष साकिन गितकेरा थाना पलारी , अजय वर्मा पिता टोमन वर्मा उम्र 26 वर्ष साकिन सैहा थाना पलारी और होमदत्त वर्मा पिता नरोत्तम वर्मा उम्र 34 वर्ष साकिन सैहा थाना पलारी के कब्जे से कुल रकम 2000/रूपये एवं 52 पत्ती तास जप्त कर उनके खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

सिंटर प्लांट-3 ने कोविड से बचाव हेतु कस्टमाइज्ड मास्क का किया वितरण

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 ने आरंभ से अब तक 70 मिलियन टन सिंटर का उत्पादन किया है। सिंटर प्लांट-3 ने इस अवसर को सुरक्षित व यादगार बनाने हेतु कोविड के बढ़ते खतरे को देखते हुए कार्मिक व अधिकारियों को कोविड से बचाव हेतु कस्टमाइज्ड मास्क का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (एसपी-3) श्री एस वी नंदनवार ने सिंटर बिरादरी से आग्रह करते हुए कहा कि हमें कोविड से बचाव के सभी निर्देशों का पालन करना है। स्वयं की सुरक्षा के साथ अपनी टीम की सुरक्षा को भी सुनिश्चित करना है। सदैव मास्क का प्रयोग करें और दूसरों को भी मास्क पहनने के लिए प्रेरित करें। हम सभी को एक टीम के रूप में काम करना है। एक सुरक्षित टीम के रूप में हम विपरीत परिस्थितियों में भी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे। इस अवसर पर सिंटर

प्लांट-3 के विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं महाप्रबंधक श्री राकेश कुमार भयाना ने अपने उद्बोधन में जानकारी दी कि सिंटर प्लांट-3 में कोविड से बचाव हेतु नियमित सेनेटाइजेशन तथा सोडियम हाइपो क्लोराइड का नियमित छिड़काव के साथ-साथ हैंडवाश व सेनेटाइजर भी उपलब्ध कराये गये है। इसी प्रकार कार्मिकों व ठेका श्रमिकों का टेम्परेचर मॉनीटरिंग भी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एसपी-3 बिरादरी को जागरूक करने हेतु शॉप फ्लोर पर पोस्टर आदि भी लगाये गये है। इसके अतिरिक्त मास्क लगाने के लिए भी लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। मास्क नियमित कर्मचारियों के साथ-साथ ठेका श्रमिकों को भी उपलब्ध कराया जा रहा है। समारोह में श्री मनोहर लाल, महाप्रबंधक (उत्पादन), श्री राकेश कुमार भयाना महाप्रबंधक (सुरक्षा), महाप्रबंधक (यांत्रिकी) तथा श्री सौरव वार्ष्णेय, उप महाप्रबंधक (विद्युत) उपस्थित थे।

अग्रवाल समाज का कोविड केअर सेंटर भी आरंभ

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कोविड मरीजों को राहत देने सामाजिक संगठन बढ़ चढ़कर सामने आ रहे हैं आज मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सामाजिक संगठनों से इस संबंध में कार्य करने का आग्रह भी किया था। आज ही अग्रवाल समाज ने भिलाई में सेक्टर-6 में कोविड केयर सेंटर का आरंभ किया। इसमें 21 बेड है जिसमें ऑक्सीजन बेड की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। साथ ही चिकित्सक और मेडिकल स्टाफ भी उपलब्ध है। इसका शुभारंभ आज आईजी श्री विवेकानंद सिन्हा एवं कलेक्टर ने किया। इस मौके पर आईजी ने कहा कि सेंटर के आरम्भ होने से कोविड मरीजों को काफी लाभ मिलेगा।

समाज का यह कार्य प्रशंसनीय है। इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि अभी यहां पर 21 बिस्तर में आक्सीजन की सुविधा उपलब्ध है इसे और भी विस्तारित करें ताकि अधिकाधिक लोगों को इसका लाभ हो। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इसे 75 बिस्तर तक ले जाने की योजना है। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आह्वान किया है कि सामाजिक संगठन कोविड से लड़ने की दिशा में भागीदारी निभाएं। इस दिशा में अग्रवाल समाज द्वारा किया गया कार्य प्रशंसनीय है। समाज के इस कार्य का लाभ सभी वर्गों के लोगों को होगा। कलेक्टर ने यहां उपलब्ध सुविधाओं का भी निरीक्षण किया तथा समाज के पदाधिकारियों की सेवा भाव को लेकर प्रशंसा की।

आदेश की अवहेलना करने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम के लिए भिलाई निगम में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों को कई प्रकार के दायित्व दिए गए हैं ! वहीं कुछ कर्मचारी इस कठिन समय में अपने दायित्वों का निर्वहन करने के बजाय लापरवाही बरत रहे! ऐसे 4 कर्मचारियों को निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है! कार्यपालन अभियंता टीके रणदिवे को कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम हेतु आवश्यक व्यवस्था में लगाया गया है! इनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर मोबाइल बंद पाया गया जिससे संक्रमण की रोकथाम के लिए किए जाने वाले अत्यावश्यक कार्य समय पर नहीं होने से कार्य भी प्रभावित हुआ है! महत्वपूर्ण कार्य पर अनुपस्थित रहने के कारण इन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है! वही तुलसीराम सफाई कामगार, मिथिलेश सफाई कामगार एवं चालीस सफाई कामगार को भी नोटिस थमाया गया है! यह तीनों कर्मचारी जोन क्रमांक 5 क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत है! इन तीनों की ड्यूटी रामनगर मुक्तिधाम में लगाई गई है! परंतु ड्यूटी में लापरवाही बरतना इस मुश्किल घड़ी में लापरवाही का घोतक है! इन तीनों सफाई कामगार के द्वारा आवश्यक कार्य करने से इनकार किया गया। जिस पर इन्हें शोकॉज नोटिस दिया गया है!

संकट में जान, तो याद आए हनुमान

भाटापारा (नव प्रदेश)। अच्छी मांग में है हनुमान चालीसा। खूब पूछ-परख हो रही है सुंदरकांड की। यह सुखद बदलाव देखकर किताब बाजार हर्षित मुद्रा में नजर आ रहा है। एकाएक बढ़ी मांग में आधे-आधे की हिस्सेदारी क्रमशः नवधा रामायण और कोरोना संकट से छुटकारा दिलाने के लिए की जा रही प्रार्थना की है। कोरोना वायरस के फैलाव के पहले दौर में किताब बाजार, वेद पुराण की बड़ी मांग को पूरा करने में पूरी तरह सफल रहा। अब एक बार फिर से यह बाजार पूरे साल बिकने वाले हनुमान चालीसा और सुंदरकांड की बढ़ी हुई मांग को पूरा करने में जुटा हुआ है। कीमत बेहद कम है और प्रिंटिंग इकाइयों की सप्लाई लाइन मजबूत होने से कहीं कोई दिक्कत नहीं आ रही है।

आयुक्त ने ली ट्रेसिंग टीम की समीक्षा बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। निगम क्षेत्र में कोरोना के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए गठित कोरोना कान्टेक्ट ट्रेसिंग टीम की मंगलवार को आयुक्त कक्ष में निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने समीक्षा बैठक आयोजित की। इस दौरान आयुक्त ने निगम क्षेत्र में कोविड-19 की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। समीक्षा बैठक में आयुक्त ने कोरोना प्रसार को रोकने टीम द्वारा किये जा रहे जरूरी उपायों की जानकारी लेने के साथ ही बतौर सुरक्षा होमआइसोलेशन किये गये मरीजों की सतत निगरानी रखने के भी निर्देश दिये। बैठक में आयुक्त ने होमआइसोलेशन के मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने हेतु कोविड-19 से जुड़ी दवाइयों की स्टॉक की उपलब्धता की भी जानकारी ली। इस दौरान आयुक्त ने टीम को स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर दवाइयों की भरपूर स्टॉक सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कोरोना के मरीजों को जिला प्रशासन के गाइड लाइन के तहत कंटेनमेंट जोन एवं संक्रमितों के घरों में स्टीकर चस्पा करने के निर्देश आयुक्त ने दिये। तथा कोरोना प्रोटोकाल का उल्लंघन करते पाये जाने पर महामारी एक्ट के तहत सम्बंधितों के विरूद्ध एफआईआर करने के भी सख्त निर्देश बैठक में आयुक्त ने कोरोना कान्टेक्ट ट्रेसिंग टीम को दिये।

आयुक्त व नोडल अधिकारी प्रतिदिन पहुंच रहे वैक्सीनेशन सेंटर

निगम वार्डो में संचालित वैक्सीनेशन सेंटरों में निगम आयुक्त श्री सर्वे व निगम के नोडल अधिकारी रमाकांत साहू प्रतिदिन पहुंच रहे है। आज निगम आयुक्त श्री सर्वे ने पुरैना व डुंडेरा पहुंचकर वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मेडिकल मोबाइल युनीट का भी अवलोकन किया। इस दौरान आयुक्त ने मेडिकल मोबाइल युनीट कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त किए व उचित दिशा निर्देश दिए। नोडल अधिकारी रमाकांत साहू ने रूआबांधा व रिसाली के सेंटरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगम के उच्च अधिकारियों ने स्वास्थ्य कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों व निगम कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सेंटरों में निगम प्रशासन को क्षेत्र के पूर्व पार्षदों, एल्डरमेंन व जागरूक नागरिकों का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। टीकाकरण के दौरान लोगों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसका निगम प्रशासन उचित व्यवस्था की हुई ह। सेंटरों में पहुंच रहे व्यक्तियों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए टीकाकरण हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

दुर्ग को आपदा राशि जारी करें मुख्यमंत्री - संतोष सोनी

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष सोनी ने मुख्यमंत्री, स्वास्थ मंत्री, गृह मंत्री व दुर्ग विधायक को पत्र मेल करके मांग किया है कि दुर्ग में कोविड महामारी से मौत को आपदा मानते हुए राज्य सरकार विशेष आपदा फण्ड प्रदान करे।

सर्व विदित है कि वर्तमान में दुर्ग जिला में कोरोना संक्रमण से सैकड़ों मौतें हो रही हैं व हजारों गरीब व मध्यमवर्गीय मरीजों को उचित ईलाज की सरकारी सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त बिस्तर, ऑक्सिजन व वेंटिलेटर के अभाव में उक्त वर्ग के मरीजों की जान पर संकट आ पड़ा है। आज की स्थिति में दुर्ग जिला में युद्ध स्तर पर सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्था में गुणात्मक परिवर्तन करने की आवश्यकता है। ऐसी स्थिति को आपदा मानते हुए इसके लिए राज्य सरकार के द्वारा दुर्ग जिला प्रशासन को तत्काल उचित व पर्याप्त इमरजेंसी फण्ड की राशि उपलब्ध कराना चाहिए।

संतोष सोनी ने मांग की है कि बड़े भवनों का अधिग्रहण कर उनमें बेड, पंखा, कूलर, की पर्याप्त व्यवस्था, कचांदुर स्थित चंदूलाल मेडिकल कॉलेज को फिर से पुनर्स्थापित किया जाए।

चिकित्सकों की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था करें, जरूरत पड़ने पर मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ छात्रों को नियुक्त करें। नर्सिंग स्टॉफ व अन्य हॉस्पिटल स्टाफकी पर्याप्त संख्या में नियुक्ति करें साथ ही पर्याप्त संख्या में वेंटिलेटर व ऑक्सीजन मशीन की भी व्यवस्था करें।

न्यूज गैलरी

मदिरा दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से मास्क पहनने के निर्देश

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य में कोविड संक्रमण के प्रसार को देखते हुए राज्य शासन द्वारा जारी दिशानिर्देश के अनुक्रम में आबकारी आयुक्त श्री निरंजन दास द्वारा समस्त ज़िलों की देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक श्री ए पी त्रिपाठी द्वारा भी सभी ज़िला प्रबंधकों को शासन निर्देशों का पालन करने कहा गया है। जारी दिशानिर्देशनुसार मदिरा दुकानों में मदिरा क्रय करने आए व्यक्तियों के बीच सोशल डिस्टनसिंग का कड़ाई से पालन कराए जाने के निर्देश दिये गए हैं। मदिरा दुकानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से मास्क पहनने , समय समय पर हाथों को सैनिटाइज करने, दुकानों को भी समय समय पर सैनिटाईज़ करने, आसपास साफ़ सफ़ाई कराने के निर्देश दिए गए हैं।

ट्रांसपोर्ट्रर को गोदाम खाली न करने पर दी जान से मारने की धमकी

रायपुर। राजधानी में ट्रांसपोर्टर को एशियन रोडवेज के ऑफिस एवं गोदाम खाली करने तथा फोन पर जान से मारने की धमकी पर आसिफ मेमन सहित 14 लोगो के खिलाफ सरस्वतीनगर थाने में धारा 147,149,456,506,427 के तहत अपराध की गई है। मिली जानकारी के अनुसार विरदी कालोनी कोटा सरस्वतीनगर निवासी कुलदीप सिंह आहलुवालिया 78 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि आसिफ मेमन द्वारा लगातार प्राथी की जमीन आमानाका स्थित जिसमें एशियन रोडवेज गोदाम एवं आफिस है। उसे खाली करने को कह रहा था। नही करने बीती रात आसिफ मेमन 14 लोगों के साथ गोदाम पहुंचकर जेसीबी मशीन से कार्यालय में तोड़फोड़ कर अंदर रखा समान को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा फोन करके जान से मारने की धमकी दिया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बलवा का मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

बीमारी की गंभीरता के आधार पर मरीजों को अस्पताल में बिस्तर उपलब्ध कराएं

रायपुर। मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल ने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे कोरोना संक्रमण की गंभीरता के हिसाब से मरीजों को अस्पताल में बिस्तर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी सिफारिश या दबाव के आधार पर बिस्तर न उपलब्ध कराएं जाए। इससे केवल जरूरतमंद मरीजों को ही बिस्तर उपलब्ध हो सकेंगे और अनावश्यक रूप से कोई बिस्तर नहीं ले सकेगा। बघेल ने कहा कि ऑक्सीजन वाले बिस्तर और वेंटिलेटर तक इसकी वास्तविक जरूरत वाले मरीजों की पहुंच सुनिश्चित करें। ऐसे मरीज जिन्हें ऑक्सीजन सुविधा की आवश्यकता नहीं है उन्हें कोविड केयर सेंटर्स या सामान्य बिस्तरों पर भर्ती कर इलाज उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोविड वैक्सीनेशन काफी तेजी से हो रहा है। कोरोना जांच की संख्या भी लगातार बढ़ाई जा रही है। प्रदेश की पॉजिटिविटी दर और रोज हो रही मौतें चिंताजनक है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक घरों से न निकलें। खरीदारी के लिए परिवार के सदस्यों को साथ न लेते हुए अकेले जाएं। आसपास कोरोना संक्रमित मिलने पर उनका सही मार्गदर्शन करें और आवश्यक सावधानियों के बारे में जागरूक करें।

उपभोक्ता फोरम के पूर्व अधीक्षक ने दस्तावेजों में हेराफेरी कर लाखों रुपये हड़प लिए, एक गिरफ्तार

रायपुर। राज्य उपभोक्ता फोरम के पूर्व अधीक्षक और लेखापाल के खिलाफधोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है. दोनों के खिलाफ वर्ष 2015 से 2016 के बीच कूटरचित दस्तावेजों से रकम हड़पने का आरोप है। दोनों आरोपियों ने मिलकर राज्य उपभोक्ता फोरम को 39 लाख रुपए का चूना लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार ब्रम्हदेव कालोनी भाठागांव पुरानीबस्ती निवासी देवेन्द्र कुमार देवांगन 35 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी थी कि 1 जनवरी 2015 से 30 अक्टूर 2016 के मध्य दिनदयाल पटेल एवं राजू साहू द्वारा कूटरचित कर राज्य उपभोक्ता फोरम से 39 लाख 42 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगा था। जिसके के बाद देवेंद्र नगर थाना पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपी विनोद साहू को गिरफ्तार कर लिया तथा दूसरा आरोपी दीनदयाल पटेल अभी फरार है। पंडरी स्थित राज्य उपभोक्ता फोरम कार्यालय के लेखा प्रभारी ने तत्कालीन न्यायालय प्रभारी दीनदयाल पटेल के साथ मिलकर लाखों रुपये का गबन किया है। मामले में केस दर्ज कर एक आरोपी विनोद साहू को हिरासत में लिया गया है। तथा मामले में शामिल दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

जुआ खेलते 4 गिरफ्तार,नगदी 5 हजार रुपये एवं ताश की 52 पत्ती जब्त

रायपुर। जुआ खेलते पाए जाने पर पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी 5 हजार रुपये एवं ताश की 52 पत्ती जब्त की है। मिली जानकारी के अनसार गुढ़ियारी पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान 06 अप्रैल को मुखबीर की सूचना पर नीलम स्वीट्स के पास आम रोड पर पहाड़ी चौक गुढ़ियारी के पास रेड कार्यवाही किया जहां पर कुछ लोग बैठकर ताश पत्ती से जुआ खेल रहे थे जो पुलिस गाड़ी को देखकर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकडा गया, पुछताछ करने पर अपना नाम गोपाल साहू पिता स्व. मौजी राम साहू, होरी लाल देवांगन पिता स्व. जगमोहन देवांगन, ओमप्रकाश वर्मा पिता मिटठू लाल एवं मनसुख सिंह पिता स्व. भगत सिंह निवासी गुढ़ियारी रायपुर बताया। आरोपियों के पास से 2800 रूपये नगद एवं फड से 2200 रूपये नगद कुल 5000 रूपये नगदी रकम एवं ताश की 52 पत्ती जब्त कर उनके खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत कार्रवाई की है।

लालवानी त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव यू पी में प्रत्याशी को जिताने कर रहे बैठक

रायपुर/प्रयागराज। प्रभार क्षेत्र पंचायत चुनाव मोहन लालवानी पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस ने जिला प्रयागराज (यमुनापार) कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को जीत दिलाने करछना ब्लॉक में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक लेकर सुझाव व विचार लिया तथा जीत के लिए कार्यकताओं में ऊर्जा भरते हुये दिशा निर्देश व कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को प्रचण्ड बहुत से विजय बनाने कि अपील किया 7 जिसमे प्रमुख रूप से मोहन लालवानी प्रयागराज चुनाव समन्वयक व पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी धमतरी, अरूण तिवारी जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी यमूनापार,अरूण चौधरी एल्डरमेन नगर निगम, उदितनारायण साहू अध्यक्ष युवा कांग्रेस धमतरी व बड़ी संख्या मे कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

लोक सेवा गारंटी सेवाओं के प्रकरण समय-सीमा में निपटायें: मुख्य सचिव

➲ लोक सेवा गारंटी सेवाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की लगातार मानिटरिंग करने के दिए निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा अधिसूचित प्रदान की जा रही सेवाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अधिसूचित सेवाओं के प्रकरण निर्धारित समय सीमा में निराकृत करें। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल इसकी लगातार मानिटरिंग कर रहे हैं। मुख्य सचिव ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इसी प्रकार अपने विभाग की और भी जरूरी सेवाओं को लोक सेवा गारंटी में अधिसूचित करने की कार्यवाही करें। इसके लिए मुख्य सचिव ने एक माह की अवधि में आवश्यक कार्यवाही कर सामान्य प्रशासन विभाग को जानकारी प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।

34 विभागों ने दी अपनी सेवायें

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सामान्य प्रशासन, खाद्य एवं परिवहन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के 34 विभागों द्वारा अभी करीब 262 सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम में अधिसूचित कर सेवायें प्रदान की जा रही हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित हुई बैठक में पीसीसीएफ श्री राकेश चतुर्वेदी, उद्योग एवं वन विभाग के प्रमुख सचिव श्री मनोज पिंगुआ, वित्त एवं नगरीय विकास विभाग की सचिव श्रीमती अलरमेल मंगई डी., अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास विभाग के सचिव श्री डी.डी. सिंह, राजस्व विभाग की सचिव सुश्री रीता शांडिल्य, लोक निर्माण एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव डॉ. सिद्धार्थ कोमल परदेशी सहित ऊर्जा, श्रम, समाज कल्याण, गृह, स्वास्थ्य, कृषि, पंचायत ग्रामीण विकास, आवास एवं पर्यावरण, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी, शिक्षा, जल संसाधन सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

लोगों को शीघ्रता से मिले लाभ

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के पड़ोसी राज्यों में दी जा रही लोक सेवा गारंटी सेवाओं की भी जानकारी लें। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अधिनियम के तहत अधिसूचित लोक गारंटी सेवाओं को ऑनलाईन किया जाए जिससे लोगों को शीघ्रता से लाभ मिले। उन्होंने ऑनलाइन और ऑफ्लाइन सेवायें सुगमता पूर्वक प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सभी विभागों के प्रमुख अधिकारियों को अपने विभाग की लोक सेवा गारंटी सेवाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की लगातार मानिटरिंग करने, प्रकरणों में निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही नहीं करने वाले अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जीवन में स्वच्छता के साथ कोविड से बचाव संभव

एम्स में स्वच्छता पखवाड़ा में हो रहे कई कार्यक्रम, रोगियों और परिजनों को स्वच्छता के गुर सिखा रहे

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर के चिकित्सक और छात्र इन दिनों अस्पताल में आने वाले रोगियों और उनके परिजनों को दैनिक दिनचर्या में स्वच्छता अपनाने के गुर सिखा रहे हैं। ओपीडी में आने वाले लगभग 2500 रोगियों और उनके परिजनों को रोजाना हाथ धोने और मास्क के फायदे बताए जा रहे हैं। उनसे जीवन में स्वच्छता अपनाकर फैलते कोविड की रोकथाम का आह्वान किया जा रहा है। जागरूकता के यह कार्यक्रम 15 अप्रैल तक जारी रहेंगे।

एक अप्रैल से निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर के निर्देशन में स्वच्छता शपथ के साथ शुरू हुए कार्यक्रमों में रोजाना स्वच्छता को लेकर जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। कायाकल्प के नोडल ऑफिसर डॉ. मृत्युजंय राठौर के निर्देशन में चिकित्सकों और छात्रों का एक दल रजिस्ट्रेशन काउंटर पर आने वाले रोगियों और उनके परिजनों को हाथ धोने के सही सात चरणों के बारे में समझाता है। इसके साथ ही मेंसुरल हाइजिन, घर के कूड़े को अलग-अलग एकत्रित करना और कोविड के समय सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क का प्रयोग और हाथों की स्वच्छता के बारे में भी रोगियों और उनके परिजनों को अवगत कराया जा रहा है।

इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर के लिए ऑन लाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें अस्पताल में खुद को इंफेक्शन से सुरक्षित रखने के उपायों के बारे में अवगत कराया गया। इसमें 57 नर्सिंग ऑफिसर्स ने ऑन लाइन भाग लिया।

इस अवसर पर स्वच्छता सर्वोपरि विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित हुई जिसमें एमबीबीएस और नर्सिंग छात्रों ने भाग लेकर स्वच्छता को स्वतंत्रता के समान जरूरी बताया। कार्यक्रम में उप-निदेशक (प्रशासन) अंशुमान गुप्ता, वित्त सलाहकार बी.के. अग्रवाल और डीन प्रो. एस.पी. धनेरिया सहित बड़ी संख्या में चिकित्सकों और कर्मचारियों ने भाग लिया। स्वच्छता पखवाड़े के कार्यक्रम 15 अप्रैल तक चलेंगे।

मुख्यमंत्री ने भक्त माता कर्मा जयंती पर दी शुभकामनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 7 अप्रैल को भक्त माता कर्मा जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि छत्तीसगढ़ में साहू समाज सहित विभिन्न समाजों द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती का पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। माता कर्मा हम सभी पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें। कोरोना संकट की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रदेशवासियों से यह आग्रह है कि कर्मा जयंती का पर्व कोरोना काल की सावधानियों को ध्यान में रखते हुए मनाएं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर भक्त माता कर्मा से सभी के लिए अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है।

कानन पेण्डारी जू में गर्मी से वन्यप्राणियों को राहत पहुंचाने के लिए पर्याप्त प्रबंध

रायपुर। राज्य के वनमण्डल बिलासपुर स्थित कानन पेण्डारी जूलॉजिकल गार्डन में ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर वन्य प्राणियों को राहत पहुंचाने के लिए हर आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। इस संबंध में वनमण्डलाधिकारी बिलासपुर श्री कुमार निशांत ने बताया कि सभी शाकाहारी वन्यप्राणियों हेतु शेड के ऊपर हाथी घास, आवश्यकतानुसार ग्रीन नेट तथा सभी वन्यप्राणियों के मोट में स्वच्छ पीने के पानी की व्स्वस्था की गई है। इसी तरह भालू, सियार, लोमड़ी, शुतुरमुर्ग, बायसन के मोट में स्वच्छ पानी एवं स्प्रींकलर की व्यवस्था की गई है। साथ ही मांसाहारी वन्यप्राणियों के नाईट शेल्टर में कूलर, एक्जास्क तथा केज में स्प्रीकलर, क्राल में ग्रीन नेट एवं मोट में पानी की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा पक्षी केज में खस की चटाई की व्यवस्था की जा रही है। कानन पेण्डारी जू में पुराने पाईप लाईन के दुरूस्तीकरण का कार्य जारी है। जू में पानी की उपलब्धता के लिए पुराने 10 बोर चालू अवस्था में है और दो नग नए अतिरिक्त बोर किया गया है। जू के हिप्पोपोटामस केज में शावर की व्यवस्था की जा रही है।

बदइंतजाम

रायपुर-नवप्रदेश। स्वास्थ विभाग की लापरवाही-राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती खो-खो पारा स्कूल स्थित को भी जांच केंद्र का है जो कभी भी 11:30 और 12:00 बजे से पहले नहीं खुलता लोग पूरे मोहल्ले में रोड में बैठे रहते हैं, कोरोना संक्रमण का भी खतरा बना हुआ है।

धारा 144 के नियमों का उल्घंन कर जन्म दिन मनाने तथा धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करते पाए जाने पर हुई कार्रवाई

रायपुर। कोरोना महामारी की चैन तोड़ने के लिये जिला दण्डाधिकारी द्वारा शाम 06 बजे से सुबह 06 बजे तक नाईट कर्फ्यू लगा दिया गया है। लेकिन इसके बावजूद भी कुछ लोग नियमों को उल्घंन कर समाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम को आयोजन कर रहे है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने 6 अप्रैल को शारदा नर्सिंग होम के सामने तेलीबांधा में धारा 144 के नियमों का उल्घंन कर जन्मदिन की पार्टी मनाते पाए जाने पर पुलिस ने राकेश धीवर,तुलांराम बाग,राजु साहू,एवं डैनी साहू के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

खेल अकादमियों: खेल प्रशिक्षण केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश

खेल अकादमियों को प्रारंभ करने में उद्योगों के साथ समन्वय

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न

रायपुर। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खेल विकास प्राधिकरण के संचालन से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में राज्य में खेल संरचनाओं के उपयोग, खेल अकादमियों को प्रारंभ करने एवं उनको छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण के अंतर्गत लाने के संबंध में और खेल अकादमियों को प्रारंभ करने में उद्योगों के साथ समन्वय कर आवश्यक सहयोग लेने के विषय पर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू भी शामिल हुए।

मुख्य सचिव ने बैठक में खेल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खेलों के संबंध में प्रदेश के विभिन्न खेल संघों से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि खेल अकादमियों, छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण की विधिवत नियमावली तैयार करें तथा शासी निकाय के सदस्यों के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी से निर्देश प्राप्त करें। इसी तरह मुख्य सचिव ने विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए खेल प्रशिक्षण केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं।

बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव श्री अविनाश चम्पावत ने खेल विकास प्राधिकरण में आवश्यक पदों के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में बताया कि राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर में भारत सरकार की खेलो इंडिया योजनांतर्गत खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के तहत हॉकी, तीरंदाजी, एवं एथलेटिक खेल के लिए स्वीकृत खेल अकादमी संचालन हेतु राज्य शासन द्वारा किए जाने वाले व्यय की एस.ई.सी.एल. बिलासपुर द्वारा सी.एस.आर. मद से किए जाने के संबंध में जानकारी दी गई। इसी तरह रायपुर में हॉकी, तीरंदाजी एवं एथलेटिक खेल की आवासीय खेल अकादमी एवं राज्य प्रशिक्षण केन्द्र बिलासपुर में बालिकाओं के लिए आवासीय कबड्डी अकादमी प्रारंभ करने के लिए उद्योगों के साथ समन्वय बनाने के संबंध में निर्णय लिया गया।

कोरोना की दूसरी पारी फिर भी शिक्षा रहेगी जारी

शिक्षा के गोठ में महिला शिक्षिकाओं के नवाचारों को प्राथमिकता

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा अनुरूप स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल को उच्चतम शिखर पर ले जाने के प्रयास प्रारंभ हो गए है। वर्ष भर के लिए शैक्षणिक कैलेण्डर बनाकर नवीन विजन और मिशन तैयार किया जा रहा है। बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट कार्ड बनाया जाएगा। उक्त बातें स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल में आज जारी शिक्षा के गोठ ई-न्यूजलेटर में उल्लेखित की गई है। इस बार का अंक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर केन्द्रित होने के कारण पिंक कलर में है। तथा महिला शिक्षिकाओं की सफलता की उड़ान को प्रमुखता प्रदान की गई।

यह उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला, लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक श्री जितेन्द्र शुक्ला के कुशल निर्देशन में तथा एससीईआरटी के संचालक डी. राहुल वेंकट द्वारा इसका संपादन किया। संपादन मण्डल में डॉ. योगेश शिवहरे, ए. के. सोमशेखर, प्रशांत कुमार पाण्डेय, डॉ. एम. सुधीश, डॉ. विद्यावती चन्द्राकर, सत्यराज अय्यर, डॉ. जयाभारती चन्द्राकर का विशेष भूमिका निभाई है।

सिकल सेल रोग के रोगियों के लिए आशा की नई किरण

बालको मेडिकल सेंटर में लक्षित चिकित्सा उपलब्ध

नया रायपुर। बालको मेडिकल सेंटर ने सिकल सेल रोगियों के लिए नए, लक्षित मोनो क्लोनल थेरेपी की शुरुआत की। यह थेरेपी रोगियों के जीवन से सिकल सेल रोग से उत्पन्न होने वाले दर्द को पूरी तरह से समाप्त कर सकती है। सिकल सेल रोग वाले रोगियों में वैसो-ओक्लूसिव क्राईसिस बेहद दर्दनाक हो सकता है और आपातकालीन विभाग के दौरे और अस्पताल में भर्ती होने का एक लगातार कारण है। बालको मेडिकल सेंटर के कंसल्टेंट हेमटोलॉजी, डॉक्टर दिब्येंदु दे ने कहा कि यह सिकल सेल रोग से पीड़ित व्यक्ति को दर्द मुक्त और गुणवत्ता जीवन दे सकता है। बालको मेडिकल सेंटर ने रोगियों के लाभ के लिए एक विशेष सिकल सेल क्लिनिक भी शुरू किया।

विशेषज्ञों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली दवा पी-सीलेकटिन ग्लाइको प्रोटीन के खिलाफपहला? फ़डी.ए.-अनुमोदित लक्षित मोनो क्लोनल एंटी बॉडी है, जो सक्रिय एंडोथेलियल कोशिकाओं और प्लेट लेट्स पर व्यक्त किया जाता है। डॉक्टर नीलेश जैन, कंसल्टेंट ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, ने कहा, ÷ क्रिजेनलीजुमाब- टी.एम.सी.ए. सिकल सेल रोग के लिए पहली लक्षित थेरेपी है, जिसे डी सी जी आई द्वारा भी अनुमोदित किया गया है। यह विशेष रूप से सेलेक्टिन को रोकता है, एक पदार्थ जो कोशिकाओं को एक साथ चिपका ने में योगदान देता है और वैसो-ओक्लूसिव क्राईसिस का कारण बन जाता है। यह पहली बार है जब इस क्षेत्र में इस दवा का उपयोग किया गया है और रोगी को काफी ज़्यादा दर्द से राहत मिली है।÷

सिकल सेल रोग वंशानुगत लाल रक्त कोशिका विकारों का एक समूह है जो हीमोग्लोबिन को प्रभावित करता है, एक प्रोटीन जो शरीर में ऑक्सीजन ले जाता है। सिकल सेल रोग के दौरान, लाल रक्त कोशिकाएं अर्धचंद्राकार या ÷सिकल÷ आकार की हो जाती हैं। ये कोशिकाएं आसानी से धमनियों में प्रवाह नहीं कर सकती और शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त के प्रवाह को अवरुद्ध कर सकती हैं, जिससे स्ट्रोक, आंखों की समस्या, संक्रमण और दर्द सहित गंभीर समस्याएं हो सकती हैं , जिन्हें क्राईसिस कहा जाता है। छत्तीसगढ़ भारत के सिकल बेल्ट के केंद्र में स्थित है, जिसमें लगभग 10त्न आबादी कैर्रियर है या बीमारी से प्रभावित है। आज, सिकल सेल रोग उपचार बहुत आगे बढ़ गया है। अब आधुनिक लक्षित उपचार के साथ, सिकल सेल रोगी को सामान्य दैनिक गतिविधियों को अंजाम देने के साथ दर्द- रहित जीवन मिल सकता है। बालको मेडिकल सेंटर सिकल सेल रोगियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रयत्न शील है।

संपादकीय

राजनीति का अपराधीकरण चिंतनीय

उत्तर प्रदेश के कुख्यात माफिया मुख्तार अंसारी जिसके खिलाफ दर्जनों संगीन आरोप लगे है उसे पंजाब से उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में ले आया गया है। पिछले कुछ दिनों से कई खबरियां चैनलों पर मुख्तार अंसारी को इतनी ज्यादा कव्हरेज दी गई मानो वह कोई बहुत बड़ा वीआईपी हो। यह ठीक है कि पिछले डेढ़ दशकों से जेल में रहते हुए भी वह विधायक चुना जाता रहा है लेकिन वह एक खतरनाक अपराधी है यह बात पूरा उत्तर प्रदेश जनता है। राजनीतिक संरक्षण में ही मुख्तार अंसारी मामुली गुंडे से बड़ा डॉन बना और फिर उसने समाजवादी पार्टी और उसके बाद बहुजन समाज पार्टी की सदस्ता ली, विधायक बना और अपराध जगत में नई इबारत लिखी। उत्तर प्रदेश में जब योगी आदित्यनाथ की सरकार बनी तो मुखतार अंसारी पंजाब के एक मामूली केस में आरोपी बन कर पंजाब की जेल में पहुंच गया और पिछले दो साल से जमानत भी नहीं कराई क्यों कि पंजाब की जेल में उसे वीआईपी ट्रिटमेंट मिल रहा था। वह उत्तर प्रदेश की जेल में आने से बच रहा था क्यों कि उसे यह डर सता रहा था कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ उसे जेल में अब कोई सुविधा नहीं देंगे। यही नहीं बल्कि उसे पंजाब से यूपी ले जाते समय अपने एनकाउंटर होने का डर भी खाए जा रहा था। अपने उत्तर प्रदेश लौटने से बचने के लिए उसने कई हथकंडे अपनाएं और व्हील चेयर पर आ गया लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उसे पंजाब से उत्तर प्रदेश स्थानांतरित करने का आदेश देकर उसके सारे मंसूबों पर पानी फेर दिया। उसकी पत्नी ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर अपने पति के एनकाउंटर होने का संदेह व्यक्त किया यही नहीं बल्कि उसने पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी से अपने नजदीकी रिश्तों का भी जिक्र किया। नतीजतन मुख्तार अंसारी को कड़ी सुरक्षा के बीच एंबुलेंस से यूपी के बांदा जेल तक लाया गया। पूरे रास्ते खबरिया चैनलों की गाड़ियां भी उस काफिले में शामिल रही जो पल पल की खबर देती रही। समझ में नहीं आता कि अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए खबरिया चैनलों में एक कुख्यात अपराधी को इतनी ज्यादा कव्हरेज देने की होड़ क्यों लगी हुई है। दरअसल राजनीति का जिस तेजी से अपराधीकरण हो रहा है और उनका महिमा मंडन किया जा रहा है इससे ये खलनायक अब नायक बनते जा रहे है जो गहन चिंता का विषय है। अब समय आ गया है कि राजनीति का अपराधीकरण रोकने के लिए कारगर पहल की जाए।

अभिव्यक्ति

रजनीकांत : फिल्म जगत के बेताज बादशाह

योगेश कुमार गोयल

> रजनीकांत आज दक्षिण भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े स्टार कहे जाते हैं और उनकी तुलना 20वीं सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से की जाती है। उनकी खास तरह की डायलॉग डिलीवरी, अभिनय का चमत्कारिक अंदाज, परोपकारिता, अपार लोकप्रियता और करिश्माई व्यक्तित्व के बावजूद राजनीति में कदम रखने की हिचक जैसी अनेक बातें उन्हें असाधारण बनाती हैं। यूनिक डायलॉग डिलीवरी और बेबाक राजनीतिक वक्तव्यों के लिए विख्यात हो चुके रजनीकांत अपनी अपार लोकप्रियता के कारण ही पिछले तीन वर्षों से राजनीति में पदार्पण करने की हिम्मत जुटा रहे थे और इसके लिए उन्होंने बाकायदा अपना एक संगठन भी बना लिया था लेकिन पिछले साल खराब सेहत के कारण उन्होंने चुनावी राजनीति से अपने पैर पीछे खींच लिए। रजनीकांत ने 2002 में थ्रिलर फिल्म 'बाबा' बनाई थी, जिसे भारी नुकसान उठाना पड़ा था लेकिन जापान में वह फिल्म खूब चली।

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा 51वां दादा साहेब फाल्के पुरस्कार सिनेमा जगत के 'थलाइवा' अभिनेता और दक्षिण फिल्मों के सुपरस्टार रजनीकांत को दिए जाने की घोषणा गत 1 अप्रैल को की गई। 70 वर्षीय रजनीकांत को यह अवार्ड तीन मई को प्रदान किया जाएगा। सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने गत दिनों दादा साहेब फाल्के अवार्ड की घोषणा करते हुए एक अभिनेता, निर्माता और स्क्रीनराइटर के तौर पर रजनीकांत के योगदान को आइकॉनिक बताते हुए उन्हें भारतीय सिनेमा के इतिहास का सबसे बेहतरीन अभिनेता बताया। वर्ष 2019 के लिए भारतीय सिनेमा के इस सर्वश्रेष्ठ सम्मान के लिए रजनीकांत के नाम का चयन पांचों ज्यूरी सदस्यों आशा भोंसले, मोहनलाल, विश्वजीत चटर्जी, शंकर महादेवन और सुभाष घई ने एकमत से किया। रजनीकांत सहित अभी तक कुल 51 लोगों को यह सम्मान दिया जा चुका है। प्रतिवर्ष सिनेमा जगत के किसी एक कलाकार को इस पुरस्कार के लिए चुना जाता है और यह पूरी प्रक्रिया केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन आती है। फाल्के पुरस्कार विजेता को डायरेक्टरेट ऑफफिल्म फेस्टिवल्स द्वारा नेशनल फिल्म अवार्ड्स समारोह में एक स्वर्ण कमल मैडल, शॉल और 10 लाख रुपये नकद पुरस्कार से नवाजा जाता है।

रजनीकांत करीब पांच दशकों से फिल्म जगत के बेताज बादशाह रहे हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और लगन से लोगों के दिलों में जगह बनाई है और आज फिल्म जगत में सूरज की तरह चमक रहे हैं। तमिलनाडु में तो उनके प्रशंसक उन्हें अपना 'भगवान' मानते हैं और वहां आदर से उन्हें 'थलाइवा' (नेता) कहा जाता है। रजनीकांत की किसी नई फिल्म की घोषणा हो या उनका जन्मदिन, वह अवसर उनके प्रशंसकों के लिए त्यौहार जैसा होता है। अक्सर देखा जाता रहा है कि कैसे उनके प्रशंसक उनके पोस्टरों को दूध में नहलाते हैं, कुछ उनके कटआउट पर फूलमालाएं लादते हैं तो कुछ मूर्ति बनाकर उनकी पूजा करते हैं। उनकी फिल्म रिलीज होते ही उसका पहला शो देखने के लिए कैसे सिनेमाघरों के बाहर रात से ही दर्शकों की कतारें लगती हैं, ये तस्वीरें भी

अक्सर देखी गई हैं। उनकी सफलता को देखते हुए उनके बारे में कहा जाता है कि असंभव को संभव बनाने का नाम ही रजनीकांत है। रजनीकांत ने अभिनय की अलग शैली तथा अदाकारी का नया स्टाइल विकसित कर उसे इस कदर लोकप्रिय बनाया कि वह 'रजनीकांत स्टाइल' के नाम से विख्यात हो गया। सिगरेट और चश्मे को अपने ही अंदाज में उछालने और पकड़ने की उनकी अदाकारी सिनेप्रेमियों के बीच उनकी विशिष्ट पहचान बन गई। उन्हें वास्तविक जीवन में कभी भी कृत्रिम तरीके से हुलिया नहीं बदलने और कम होते बालों को भी कभी नहीं छिपाकर सहजता से रहने के लिए जाना जाता है। सुपरहीरो रजनीकांत ने अपना अवार्ड अपने पुराने बस ड्राइवर साथी राजबहादुर और अपने पहले फिल्म डायरेक्टर स्व. के. बालाचंद्र को समर्पित किया है। दरअसल रजनीकांत को एक बस कंडक्टर से ग्लैमर की दुनिया में पहुंचाने का बहुत बड़ा श्रेय उनके साथी बस चालक राजबहादुर को जाता है और रजनीकांत इस बात को इतने वर्षों बाद भी नहीं भूले। वे फिल्मी दुनिया में एक्शन हीरो के रूप में उभरने से पहले बेंगलुरू में कुली और फिर बस कंडक्टर का काम किया करते थे लेकिन बस में उनका टिकट काटने का स्टाइल बिल्कुल अनोखा था। अपने उसी अंदाज को लेकर वे लोगों के बीच काफी तेजी से लोकप्रिय होने लगे। उनकी उसी खासियत को भांपकर उनके ड्राइवर साथी राजबहादुर ने उन्हें फिल्मों में अभिनय के लिए न सिर्फ प्रेरित किया बल्कि इस कार्य में उनका हरसंभव सहयोग भी किया। राजबहादुर द्वारा प्रोत्साहित करने पर उन्होंने मद्रास फिल्म संस्थान से अभिनय का पाठ्यक्रम किया और आखिरकार एक तमिल फिल्म प्रोड्यूसर ने रजनीकांत को अपनी फिल्म में मौका दे दिया और चॉकलेटी चेहरा नहीं होने के बावजूद रजनीकांत ने अपनी एक्टिंग से बड़े पर्दे पर ऐसा शमां बाधा कि करोड़ों दर्शक उनके अभिनय के मुरीद हो गए। आज वे देश के सर्वाधिक महंगे फिल्मी हीरो में से एक हैं, जिन्होंने वर्ष 2019 में एक फिल्म में काम करने के लिए 81 करोड़ रुपये पारिश्रमिक लेकर रिकॉर्ड बनाया था।

निम्न मध्यमवर्गीय मराठा परिवार में 12 दिसम्बर 1950 को जन्मे रजनीकांत के कैरियर की शुरूआत वर्ष 1975 में के. बालाचंद्र द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म 'अपूर्व रंगांगल' से हुई थी। उस फिल्म में कमल हासन और श्रीविद्या जैसे बड़े सितारे मुख्य भूमिका में थे। कैरियर के शुरूआती दौर में उन्होंने फिल्मों में कई नकारात्मक किरदार निभाए। उसके बाद उन्होंने 'कविक्कुयिल', 'सहोदरारा सवाल' (कन्नड) और 'चिलकम्मा चेप्पिंडी' (तेलुगू) में सकारात्मक पात्रों का अभिनय किया। 1976 में जाने-माने तमिल फिल्म निर्देशक बालाचंद्र की फिल्म 'मुंडरू मुडिचू' से उन्हें सफलता मिली और फिल्म 'भुवन ओरु केल्विकुरी' में पहली बार हीरो की भूमिका में नजर आए। 'बिल्लू' नामक उनकी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट होने के बाद वे खासतौर से लोगों की नजरों में आए। 1980 के आखिर तक रजनीकांत दक्षिण भारत की सभी भाषाओं की फिल्मों में काम कर तमिल सिनेमा में अपना नाम स्थापित कर चुके थे। 'बिल्लू' के अलावा 'मुथू', 'बाशहा', 'शिवाजी', 'एंथीरन', 'काला' इत्यादि कई सुपरहिट फिल्मों में काम कर वे दक्षिण भारत के बड़े स्टार बन गए। वर्ष 1983 में उन्होंने अपनी पहली हिन्दी फिल्म 'अंधा कानून' से बॉलीवुड में भी कदम रखा। उसके बाद तो उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए। बॉलीवुड में उन्होंने 'हम', 'अंधा कानून', 'भगवान दादा', 'आतंक ही आतंक', 'चालबाज', 'बुलंदी' इत्यादि कई सुपरहिट फिल्में दी।

विचार

महाराष्ट्रः राजनीति और भ्रष्टाचार

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

महाराष्ट्र के गृहमंत्री अनिल देशमुख का इस्तीफा काफी पहले ही हो जाना चाहिए था। लेकिन हमारे नेताओं की खाल इतनी मोटी हो चुकी है कि जब तक उन पर अदालतों का डंडा न पड़े, वे टस से मस होते ही नहीं। देशमुख ने अपने पुलिसकर्मी सचिव वझे से हर माह 100 करोड़ रु. उगाह के देने को कहा था, इस बात के खुलते ही एक से एक रहस्य खुलकर सामने आने लगे थे। उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के सामने विस्फोटकों से भरी कार रखने, उस कार के मालिक मनसुख हीरेन की हत्या और इस सब में वझे की साजिश के स्पष्ट संकेत मिलने लगे। जिस मामले की जांच के लिए वझे जिम्मेदार था, उसी मामले में ही उसका गिरफ्तार किया जाना अपने आप में बड़ा अजूबा था। एक मामूली पुलिस इंस्पेक्टर, जो किसी अपराध के कारण, 16 साल मुअत्तिल रहा, उसका फिर नौकरी पर जम जाना और सीधे गृहमंत्री से संवाद करना आखिर किस बात का सूचक है ? यह रहस्य तब खुला, जब मुंबई के पुलिस आयुक्त परमबीरसिंह का अचानक तबादला कर दिया गया। परमबीर को गुस्सा आया और उसने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को लिखे अपने पत्र में गृहमंत्री, वझे और पुलिस विभाग की सारी पोल खोलकर रख दी। उसी आधार पर महाराष्ट्र के उच्च न्यायालय ने गहरा दुख व्यक्त किया और प्रांतीय सरकार द्वारा बिठाई गई जांच की बजाय सीबीआई की जांच की मांग की, वह भी 15 दिन के अंदर-अंदर ! हो सकता है कि ठाकरे सरकार सर्वोच्च न्यायालय की शरण में जाने की कोशिश करे लेकिन पिछले 4-5 सप्ताहों में ठाकरे-सरकार ने अपनी इज्जत पैंदे में बिठा ली है। जाहिर है कि 100 करोड़ रु. महिने का एक मंत्री क्या करेगा ? या तो वह पैसा वह मुख्यमंत्री या अपने पार्टी-अध्यक्ष को थमाएगा! इसीलिए स्वयं मुख्यमंत्री और उनके प्रवक्ता देशमुख की ढाल बने हुए थे। परमबीर के आरोपों को पहले तो यह कहकर उन्होंने रद्द किया कि वे प्रामाणिक नहीं हैं, क्योंकि उसमें ई-मेल पता कोई दूसरा है और परमबीर के हस्ताक्षर भी नहीं हैं। शरद पवार अपनी पार्टी, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के गृहमंत्री अनिल देशमुख को बचाने की कोशिश करते रहे। इस महाअघाड़ी-गठबंधन की तीसरी पार्टी कांग्रेस की भी हवा निकली पड़ी थी। उसने भी देशमुख के इस्तीफे की मांग नहीं की। इन तीनों पार्टियों का इस षड़यंत्र और भ्रष्टाचार के प्रति जो रवैया हमने देखा, क्या वह सभी पार्टियां का नहीं है ? कोई भी पार्टी या नेता दूध का धुला हुआ नहीं है। रफाल-सौद में दी गई रिश्वत की खबर आज ही फूट पड़ी है। हमारी राजनीति का चरित्र इतना चौपट हो चुका है कि वह काजल की कोठरी बन चुकी है। अगर स्वयं गांधीजी को भी इसमें प्रवेश करना पड़ता तो पता नहीं कि उनके-जैसा महापुरुष भी बिना कालिख पुतवाए, इस कोठरी से बाहर निकल पाता या नहीं ? वह दिन कब आएगा, जब साफ-सुथरे लोग राजनीति में जाना चाहेंगे और उसमें जाकर भी वे साफ-सुथरे बने रह सकेंगे ? मिर्जा गालिब ने किसी दूसरे संदर्भ में ठीक ही लिखा था

कुर्सी बचाने की जद्दोजहद में ममता

डॉ. श्रीनाथ सहाय

> ममता की बिगड़ी भाषा और भाव भंगिमाओं से ऐसा आभास हो रहा है कि क्या नंदीग्राम में दीदी के चुनावी समीकरण उलट-पुलट हो गए? क्या खुद मुख्यमंत्री का ही 'खेला' खराब हो गया? क्या मतदान हिंसा की लपटों में और सांप्रदायिक रूप से बंटे माहौल में संपन्न नहीं हो सका, जैसा कि ममता ने रणनीति बुनी होगी? किसी भी पक्ष की जीत-हार का दावा कोई नहीं कर सकता,, लेकिन नंदीग्राम की घटनाओं से स्पष्ट है कि ममता दबाव में हैं। पैर में चोट लगने, पट्टी बांधकर चुनाव प्रचार करने से लेकर राजनीतिक दलों को पत्र लिखने तक ममता सहानुभूति जुटाने की हर संभव कोशिश में लगी है। वह अपने प्रयास में कितना कामयाब होती हैं, ये तो चुनावी नतीजे ही बताएंगे। लेकिन सहानुभूति बटोरने के फेर में दीदी एक के बाद एक गलती करती दिख रही है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस बार अपने राजनीतिक जीवन के सबसे कड़े मुकाबले से गुजर रही हैं। दस साल पहले वामदल की सरकार के शासन का अंत करके सत्ता पर काबिज होने वाली ममता चुनावी अखाड़े में खूब पसीना बहा रही है। ममता को कड़ी चुनौती भाजपा से मिल रही है। पिछले कई सालों से बंगाल में जमीनी काम कर रही भाजपा ने ममता को घेरने में कोई कसर नहीं रखी है। ममता भी भाजपा के हर हमले पर पलटवार करने से चूक नहीं रही हैं। और वो दावा कर रही हैं कि वो एक पैर से बंगाल और दो पैरों से प्रचार करके दिल्ली की कुर्सी पर काबिज हो जाएंगी। ममता की ऐसी बयानबाजी तृणमूल के नेताओं और कार्यकर्ताओं में तो जोश भरती हैं। लेकिन वहीं पार्टी के कई छोटे-बड़े नेताओं के भाजपा में जाने से उनकी ताकत काफी कम हुई है। वहीं मुस्लिम वोटों के लिए दीदी को मुस्लिम मतदाताओं से मंच से अपने पक्ष में अपील करनी पड़ रही है। किसी जमाने में मंच से मुस्लिमों को रिझाने के लिए कलमे पढ़ने वाली दीदी इन दिनों मंच से चण्डी पाठ करती दिख रही हैं। कुल मिलाकर भाजपा, फुरफुरा शरीफऔर ओवैसी की पार्टी ने ममताा का चुनावी गणित बुरी तरह गड़बड़ा दिया है। और सत्ता हाथ से निकलने की आशंका के चलते दीदी की भाषा चुनाव के हर चरण के बाद तीखी से और तीखी होती जा रही है। ममता ने चुनाव में घर की बेटी बनाम बाहरी का मुद्दा जोर शोर से उछाला है।

2019 के लोकसभा चुनाव से ही बंगाल की राजनीतिक फिज़ा बदलने लगी थी। जब भाजपा के 18 सांसद बंगाल से जीते थे। वहीं विधानसभा चुनाव के पहले उनकी पार्टी तृणमूल के ढेर सारे नेताओं का भाजपा में चला जाना उनके गुस्से को बढ़ाने वाला रहा। लेकिन उनकी नाराजगी इस बात पर ज्यादा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने बंगाल में भाजपा के प्रचार की बागडोर संभाल रखी है। ममता ने बाहरी बनाम बंगालवासी को मुद्दा बना रखा है। इसी मुद्दे पर अपने चुनाव अभियान को केन्द्रित रखते हुए बंगाल की बेटी का नारा गुंजा दिया। तीसरे दौर के मतदान के एक दिन पहले उन्होंने तीखे शब्दों में ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल पर गुजरात के लोगों (मोदी-शाह) को राज नहीं करने देंगे। चुनाव परिणाम तो मतदाता तय करेंगे किन्तु

प्रांतवाद की ये धारणा राष्ट्रीय एकता के लिए नुकसानदेह है। सवाल ये है कि क्या बंगाल सिर्फबंगालियों का है? इसी तरह क्या केवल मराठी भाषी महाराष्ट्र और तमिल बोलने वाले तमिलनाडु में रह सकते हैं? सुश्री बैनर्जी की अपनी पार्टी के तमाम प्रवक्ता गैर बंगाली हैं। चुनाव जीतने के लिए जिन प्रशांत किशोर की सेवायें उनके द्वारा ली जा रही हैं वे भी बाहरी हैं। बंगाल सहित पूरे पूर्वोत्तर में मारवाड़ी व्यवसायी पीढियों से रह रहे हैं और इस अंचल के औद्योगिक विकास में उनकी महती भूमिका रही है। बंगाल में भले ही गुजराती मूल के लोग कम रहते हों लेकिन उप्र और बिहार से लाखों लोग वहां रोजगार के लिए आये और वहीं के होकर रह गये। बाहरी व्यक्ति को लेकर स्थानीय भावनाएं दरअसल रोजगार के अवसर छिन जाने की आशंका से उग्र होती हैं। लेकिन जिस संदर्भ में ममता बनर्जी ने बंगाल पर किसी गुजराती द्वारा राज नहीं किये जाने की बात कही और उससे उनका मानसिक तनाव ही व्यक्त हुआ है। दूसरे चरण के मतदान से ठीक एक दिन पहले ममता बनर्जी ने गैर भाजपा नेताओं को पत्र लिखकर सियासी हलचल मचा दी है. तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ने इस पत्र के जरिये विपक्षी राजनीतिक दलों से भाजपा के खिलाफएकजुट होकर लड़ने की अपील की है. श्दीदीश् के इस लेटर के सामने आते ही भाजपा ने इसे ममता बनर्जी की हार का संकेत बता दिया है. भाजपा को श्बाहरीश् बताने वाली ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाहरी पार्टियों से समर्थन मांगने वाला बता दिया है. इस पत्र में विधानसभा चुनाव के बाद लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए भाजपा के खिलाफ साझा प्रयास की बात कही गई है। ये प्रयास पहले भी हो चुका है और उसका नतीजा पिछले लोकसभा चुनाव में सबके सामने पहले ही आ चुका है. सवाल उठना लाजिमी है कि ममता बनर्जी को चुनाव के बीच में इस लेटर को लिखने की जरूरत क्यों पड़ गई? जानकारों की माने तो ममता बनर्जी के सामने भाजपा के स्टार प्रचारकों की फौज खड़ी है। कहा जा सकता है कि वह इस फौज के आगे अकेली पड़ गई हैं. अपने पत्र के सहारे उन्होंने यह दिखाने की कोशिश भी की है। ममता बनर्जी को देशभर के कई विपक्षी दलों ने अपना समर्थन देने की घोषणा की है। इन नेताओं ने तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में रैलियां भी की हैं, लेकिन समर्थन देना और वोट मिलना दो अलग-अलग बात हैं। शिवसेना ने दीदी को बंगाल की शेरनी बताते हुए समर्थन जताया था, लेकिन शिवसेना का बंगाल में कितना वोट है, इस पर भी ध्यान देना होगा। हेमंत सोरेन, तेजस्वी यादव आदि ने ममता बनर्जी के पक्ष में प्रचार किया है। सीमांत लोकसभा सीटों पर भाजपा का दबदबा है। इस स्थिति में ये नेता टीएमसी को कितने वोट दिला पाएंगे, ये देखने वाली बात होगी। ममता की बेचैनी भाजपा की साथ साथ फुरफुरा शरीफ ने बढ़ा रखी है। फुरफुरा शरीफपश्चिम बंगाल के हुगली जिले के जंगीपारा में स्थित एक गांव का नाम है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

भली कब उसे जां

भली कब उसे जां निसारी लगे। सियासी को प्यारी न यारी लगे।। ग़मों ने किया है किनारा अभी। डगर ये ख़ुशी ने बुहारी लगे।। वो दाँतों से पल्लू कुतरने लगी। बढी जा रही बेकरारी लगे।। बढ़ाकर क़दम रोक लेना हमें। जो हम पे तुम्हे दावेदारी लगे।। क्यूँ इंसानियत ये पशेमां हुई। गिरावट विचारों में भारी लगे।

- आशा पांडेय ओझा

केहू कहे माई हमके

केहू कहे माई हमके, केहू भऊजाई हो। केहू लूटे इज्जत मोर, अकेला में पाई हो। भइल बियाह गइनी, फ्लाना जी के घरे, देवरा मुअना मेहरी छोड़, हमरे पर मरे। दरिंदन से अस्मत ÷संजय÷ कईसे बची पाई हो। केहू लूटे इज्जत मोर, अकेला में पाई हो।

- संजय सिंह राजपूत

ख़ास पाती

ओझल है पूरब का सूरज

ओझल है, पूरब का सूरज, इसमें ऐब न पढ़ मस्त हुआ नभ में अस्ताचल, इसमें ऐब न पढ़। तल पर तरती मरी मछलियां पानी मीठा जब अब नमकीन हुआ गंगाजल, इसमें ऐब न पढ़ । पाथर-पाथर रँगमहल में हो गए अब तब्दील उसर -घूसर नहीं है समतल, इसमें ऐब न पढ़ । साँस-साँस में ख़ुशबू-ख़ुशबू घोल रही मशीन धड़कन में तल्लीन हलाहल, इसमें ऐब न पढ़ ! है विज्ञान निपुण ज़माना भोर न दूर ÷बसंत÷ कुदरत से लड़ता है अड़तल , इसमें ऐब न पढ़ ।

- पंकज कुमार बसंत

वुहान शहर से मै हूँ आई

वुहान शहर से मै हूँ आई कहते है मुझको कोरोना बाई रैली आंदोलन मुझको लगते बड़े प्यारे मिलते कस्टमर खुब सारे सर्दी खासी और जुकाम ये सब मेरे आने के हैं पैगाम इक झटके में ले लू जान हिन्दू हो या हो मुसलमान यहां सबको मैं खुब छकाती किसी के पकड़ में मैं न आती भीड़ भाड़ में बसी मेरी जान मेरा काम और होता आसान पहनो मास्क,दो गज की दूरी का रखो ध्यान तब बचोगे ऐ इंसान-तब बचोगे ऐं इंसान।

- शत्रुंजय तिवारी

मोहब्बत में नज़दीकीया चाहती

मोहब्बत में नज़दीकीयाँ चाहती नहीं मैं मेरे लिए तेरा इक ख़याल ही काफ़ी है काफ़ी है मेरे लिए तेरी इक नज़र मेरे लिए तेरी इक मुलाक़ात ही काफ़ी है मुलाक़ातों का हो सिलसिला ऐसा भी तो ना चाहा मेरे लिए तेरी इक आवाज़ ही काफ़ी है गुनगुनाते रहना यूँही दिलकश तराने तुम मेरे लिए तेरा इक एहसास ही काफ़ी है चाहती नहीं मोहब्बत में कसमें वादे कोई मेरे लिए तेरी इक मुस्कान ही काफ़ी है। **- शिल्पी अग्रवाल**

हारे के सहारे श्याम, दिनदुखियों

हारे के सहारे श्याम, दिनदुखियों, के प्यारे श्याम। यशोदा नंद दुलारे, श्याम राधा जी के, आँखों के तारे श्याम... भक्तों की एक पुकार पर, दौड़े दौड़े आते श्याम।

- अनिता वर्मा

हाँ यही सच है हमारी सोच

हाँ यही सच है हमारी सोच समझ के दायरे जितने विस्तृत उतने ही संकुचित कभी कॉनवेक्स और कभी कॉनकेव लेन्स से नज़र आती , विशाल आकाश सी या एक बिन्दू में सिमटी हुई सोच।

- शिखा लाहिरी

काठी के हाँडी तिपत ले देरी

काठी के हाँडी तिपत ले देरी रथे कि हमर छइयाँ-भुइँया ला खोखला करईया राष्ट्र मुसुआ अउ शातिरकुकड़ा मन बिल ले आपन चतुर मुंडी ला लुबुक-लुबुक करत निकाल लेथें.... फेर ये ठगाफारसी धूर्त मन ला चिन डारथों।

- हेमन्त बस्तरिया

जब लौटना निश्चिंत तो डरे क्यों? चिट्ठियों की स्याही नीली से स्याह हो जाती

जब लौटना निश्चिंत तो डरे क्यों? चिट्ठियों की स्याही नीली से स्याह हो जाती हैं बस हाँ आखर एकाग्र हो बस जलते हैं रूह की चिता में. पीढ़ी दर पीढ़ी- सिर्फ़जाने और आने का इतिहास ही तो रचते हैं..! तिनका तिनका उम्र बुनते हुए।

- सुरेखा अग्रवाल

QUIZ TIME

1) स्वरूप कुमारी के रूप में जनमी कौन-सी भारतीय राजनयिक संयुक्त राष्ट्र की साधारण सभा की प्रथम महिला अध्यक्ष चुनी गई थीं?

2) भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान मिग-29 का नाम किस पक्षी के नाम पर रखा गया था?

3) किस प्रतिहार राजा ने 'आदिवराह' की उपाधि ली थी?

4) नौ दिन पहले मोहिनी सिनेमा देखने गई। वह केवल वृहस्पतिवार को ही सिनेमा देखने जाती है। आज सप्ताह का कौन-सा दिन है? (मंगलवार / शनिवार)

5) किस उद्योगपति ने वर्ष 1940 में बंगालुरू में हिंदुस्तान एयरक्राफ्ट लिमिटेड की स्थापना की थी, जिसने विशाखापटनम शिपयार्ड की भी स्थापना की थी?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) विजया लक्ष्मी पंडित (2) बाज (3) मिहिरभोज (4) शनिवार (5) वालचंद हीराचंद

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1801..रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में हुई हिंसा में 128 यहूदियों की मौत। 1831..प्रसिद्ध समाज सुधारक राजा राम मोहन राय इंग्लैंड पहुंचे। 1857..1857 विद्रोह के सिपाही मंगल पांडे को फांसी दी गई। 1894..प्रसिद्ध बंगला कवि और वंदे मातरम के रचयिता बंकिम चन्द्र चटर्जी का कलकत्ता 'अब कोलकाता' में निधन। 1912..नील नदी में जहाजों के आपसी भिड़त के बाद इसमें सवार 200 से अधिक लोगों की डूबकर मौत। 1929..भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने दिल्ली के सेंट्रल असेंबली हॉल में बम फेंके। 1947..अमेरिकी उद्योगपति हेनरी फोर्ड का 83 वर्ष की उम्र में निधन। 1950.. भारत और पाकिस्तान के बीच लियाकत-नेहरू समझौता। यह समझौता दोनों देशों में रह रहे अल्पसंख्यकों के अधिकारों को सुरक्षित रखने और भविष्य में दोनों देशों के बीच युद्ध की संभावनाओं को ख़त्म करने के मकसद से किया गया था। 1961..ब्रिटिश जहाज दारा का फारस की खाड़ी में गिरने से 236 लोगों की मौत। 1965.. भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा युद्ध शुरू। इसे कश्मीर के दूसरे युद्ध के नाम से भी जाना जाता है। 1973..स्पेन के चित्रकार पाब्लो पिकासो का निधन। इन्हें 20वीं शताब्दी का संभवतः सबसे प्रभावी चित्रकार माना जाता है। 2013..सूडान के दारफुर में जनजातीय हिंसा में 163 लोगों की मौत और 50 हजार लोग विस्थापित। 2013..ब्रिटेन की प्रधानमंत्री मारग्रेट थेचर का निधन। 2015.. भारतीय पत्रकार तथा मशहूर लेखक जयकांतन का निधन।

खेसारी लाल के साथ काम कर रोमांचित है श्रुति

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी अभिनेत्री श्रुति राव , खेसारी लाल यादव और आम्रपाली दुबे के साथ फिल्म आशिकी में काम कर रोमांचित है। बाबा मोशन पिक्चर्स प्रा. लि. की बैनर से बन रही फिल्म 'आशिकी' की शूटिंग इन दिनों प्रयागराज में जोर शोर से चल रहा है। श्रुति राव और खेसारीलाल यादव के ऊपर एक गाना फिल्माया गया। इस गाने में श्रुति राव भाग- भाग कर खेसारीलाल यादव को रिझाने के प्रयास कर रही हैं। उन्हें मनाने की कोशिश करती नज़र आ रही हैं, लेकिन एक बार धोखा खा चुके खेसारीलाल उनसे दूर भाग रहे हैं। यह इस गाने का बेहद रोमांटिक शरारती सीक्वेंस है, जिसको लेकर श्रुति राव बेहद खुश नजर आईं। श्रुति राव ने कहा, 'आशिकी' मेरे लिए बेहद इम्पोर्टेन्ट प्रोजेक्ट है। इसमें मेरी भूमिका बेहद चैलेंजिंग है, क्योंकि मुझे खेसारीलाल यादव और आम्रपाली दुबे के साथ परफॉर्म करना है। लेकिन मैं खेसारीलाल यादव, प्रदीप के शर्मा और पराग पाटिल को थैंक्स कहूंगी, जिन्होंने मुझे बेहद सपोर्ट किया है। आज जिस गाने को शूट किया गया है, वो अमेजिंग हैं। मुझे उम्मीद है दर्शकों को यह गाना खूब पसंद भी आएगा।



79 वर्ष के हुये जीतेन्द्र

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता और डांसिंग स्टार जीतेन्द्र आज 79 वर्ष के हो गये। 07 अप्रैल 1942 को एक जौहरी परिवार में जन्में जीतेन्द्र मूल नाम रवि कपूर का रुझान बचपन से ही फिल्मों की ओर था और वह अभिनेता बनना चाहते थे। वह अक्सर घर से भाग कर फिल्म देखने चले जाते थे। जीतेन्द्र ने अपने सिने कैरियर की शुरूआत वर्ष 1959 में प्रदर्शित फिल्म नवरंग से की, जिसमें उन्हें छोटी सी भूमिका निभाने का अवसर मिला। करीब पांच वर्ष तक जीतेन्द्र फिल्म इंडस्ट्री में अभिनेता के रूप में काम पाने के लिये संघर्षरत रहे।वर्ष 1964 में उन्हें व्ही .शांताराम की फिल्म गीत गाया पत्थरों ने में काम करने का अवसर मिला।इस फिल्म के बाद जीतेन्द्र अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गये। वर्ष 1967 में जीतेन्द्र की एक और सुपरहिट फिल्म फर्ज प्रदर्शित हुयी। रविकांत नगाइच निर्देशित इस फिल्म में जीतेन्द्र ने डांसिग स्टार की भूमिका निभाई।इस फिल्म में उन पर फिल्माया गीत मस्त बहारो का मैं आशिक श्रोताओं और दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हुआ।इस फिल्म के बाद जीतेन्द्र को जंपिग जैक कहा जाने लगा। फर्ज की सफलता के बाद डांसिग स्टार के रूप में जीतेन्द्र की छवि बन गयी।

प्रिंस सिंह राजपूत की फिल्म ई रिश्ता जनम जनम के की शूटिंग हुई शुरू

मुंबई (वार्ता) । भोजपुरी अभिनेता प्रिंस सिंह राजपूत की फिल्म ई रिश्ता जनम जनम के की शूटिंग शुरू हो गयी है। भोजपुरी फिल्म `ई रिश्ता जनम जनम के की शूटिंग गोरखपुर में शुरू कर दी गयी है। प्रिंस सिंह राजपूत ने बताया, ﬁमैं अपने आप को हमेशा लकी मानता हूं कि गोरखपुर की धरती पर मुझे दुबारा अपनी नई इस फ़िल्म की शूटिंग करने का मौका मिल रहा है।फिल्म के प्रोड्यूसर मनोज कुमार पंडित है जिनके साथ मैं दूसरी बार काम कर रहा हूं। ई रिश्ता जनम जनम के की कहानी पूरी तरह से नये मुद्दों पर केंद्रित है। इसमें मेरा रोल बड़ी ही स्ट्रांग है। फ़िल्म के निर्देशक अजय कुमार ने कहा, यह फ़िल्म वर्ष की सबसे दमदार कहानी वाली फिल्म होगी, जिसे दर्शक खूब पसंद करेंगे। फ़िल्म में एक्शन ,इमोशन ,रोमांस और कॉमेडी का तड़का का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। गौरतलब है अदिति फ़िल्म क्रिएशन के बैनर तले बन रही इस फिल्म में लेखक विजय साह्नी,संगीत सुदीप साजन,गीत संतोष उत्पती का है। फ़िल्म के प्रिंस सिंह राजपूत के अलावा रूपा सिंह, रंजन कुमार,तनुजा राठौर,अमित शुक्ला,राम सुजान सिंह ,ब्रजेश त्रिपाठी, राहुल श्रीवास्तव,स्वीटी सिंह,सोनी पटेल,रिकू आयुषी, एवं संजय सिंह की भी अहम भूमिका है। फ़िल्म के स्पेशल एप्रियेन्स में भोजपुरी क्वीन रानी चटर्जी नज़र आयेंगी।

महेंद्र सिंह धोनी की नई पारी की शुरुआत, 'कैप्टन 7' बनकर करेंगे 'जासूसी

मुंबई। भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी नई पारी शुरू करने की तैयारी में हैं। अब धोनी पर्दे पर भी धूम मचाते नजर आएंगे। दरअसल वह एक जासूसी एनिमेटेड सीरीज 'कैप्टन 7' को प्रोड्यूस करने जा रहे हैं। पीटीआई के मुताबिक, धोनी के प्रोडक्शन हाउस धोनी एंटरटेनमेंट और ब्लैक वाइट ऑरेंज ब्रैंड प्राइवेट लिमिटेड मिलकर इस सीरीज का निर्माण करेंगे। यह सीरीज धोनी की जिंदगी पर आधारित होगा। इस तरह अब आप धोनी के एनिमेटेड अवतार को पर्दे पर देख सकेंगे। अभी इसके प्री प्रोडक्शन का काम चल रहा है।

सीरीज के बारे में धोनी ने कहा कि 'कहानी और कॉन्सेप्ट बहुत शानदार है। सीरीज के साथ क्रिकेट और मेरे अन्य पैशन को जिंदगी में एंजॉय करूंगा।' वहीं धोनी एंटरटेनमेंट की डायरेक्टर और को-प्रोड्यूसर साक्षी सिंह धोनी ने कहा कि 'जब हमारे सामने माही पर आधारित एनिमेशन फिक्शन शो आया तो हम तुरंत राजी हो गए। ÷कैप्टन 7÷ के जरिए आपके लिए बहुत सारा एडवेंचर इंतजार कर रहा है।' बता दें कि धोनी सात नंबर की जर्सी पहनकर मैच खेलते रहे हैं। 'कैप्टन 7' भारत का पहला जासूसी एनिमेटेड सीरीज होगा। इसका पहला सीजन 2022 में रिलीज होगा। इस सीरीज को दुनियाभर के तमाम प्लेटफॉर्म पर डिस्ट्रीब्यूट किया जाएगा।

धोनी की जिंदगी पर बनी थी फिल्म

'एमएस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी' महेंद्र सिंह धोनी की बायोपिक फिल्म है। इसमें सुशांत सिंह राजपूत ने मुख्य भूमिका निभाई थी। सुशांत के अलावा फिल्म में दिशा पाटनी, कियारा आडवाणी और अनुपम खेर की मुख्य भूमिका थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी।

सिग्नम होटल्स और आईक्यूआई की संयुक्त उद्यम की घोषणा

नई दिल्ली (वार्ता)। हॉस्पिटेलिटी ब्रांड सिग्नम हॉटेल्स एंड रिसोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने आज प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी आईक्यूआई इंडिया के साथ रणनीतिक संयुक्त उद्यम की घोषणा करते हुए दो से पांच वर्षों में देश विदेश में 15 करोड़ डॉलर करीब 1100 करोड़ रुपए निवेश करने की योजना बनाई है। इस संयुक्त उद्यम की घोषणा ऐसे समय में की गई है जब कोरोना से प्रभावित भारतीय हॉस्पिटेलिटी उद्योग में तेजी से सुधार हो रहा है। इस क्षेत्र में निवेश हालांकि अपने सबसे कम स्तर पर होने के बावजूद यह साझेदारी प्रतियोगी सौदों के लिए लाभकारी संपत्तियों की पहचान करने और उनका अधिग्रहण करने में पूंजी लगाएगी और इसका लक्ष्य अगले दो से पांच साल के दौरान 5000 कमरे विकसित करना होगा। भारत के पुराने गंतव्य स्थानों, तीर्थ स्थानों, प्रमुख गेटवेज और अन्य प्रमुख स्थानों में इनबाउंड पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए देश के महानगरों, टियर 2 और 3 स्तर के शहरों में विलय, अधिग्रहण और संपत्ति में निवेश करते हुए इस विस्तार को गति दी जाएगी। सिग्नम होटल्स एंड रिसोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष मेहुल शर्मा ने कहा, ''भारत में अपने विस्तार को गति देने के लिए आईक्यूआई इंडिया के साथ शुरू किए अपने रणनीतिक संयुक्त उद्यम की घोषणा करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है, जिसमें आईक्यूआई संपत्तियां लाएगा और सिग्नम इनका संचालन करेगा। रियल एस्टेट साझेदार के बिना कोई होटल ब्रांड सफल नहीं है और यह संयुक्त उद्यम आईक्यूआई के वैश्विक रियल एस्टेट कौशल का उपयोग उपयुक्त संपत्तियों की पहचान करने और उन्हें विकसित करने में करेगा।''

दिल्ली की चरणजीत कौर ने दुबई में भारत के लिए जीता कांस्य पदक

नई दिल्ली (वार्ता)। नयी दिल्ली की चरणजीत कौर ने दुबई में भारत के लिए कांस्य पदक जीतकर अपने देश का नाम रौशन किया है। चरणजीत ने भारत की तरफसे दुबई पैरा बैडमिंटन इंटरनॅशनल में भाग लेने गयी हुई थी जो 27 मार्च से पांच अप्रैल तक दुबई में चला। चरणजीत लगातार 2007 से बैडमिंटन खेलती आ रही हैं और उन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेलों में भाग लिया है। राष्ट्रीय खेलों में तो वह हर साल कोई न कोई पदक जीत कर ही आती हैं। वर्ष 2007 में तो चरणजीत थाईलैंड के खेलों में भाग लेकर स्वर्ण पदक के साथ लौटी थीं। चरणजीत अपने घर परिवार को संभालने के साथ साथ लगातार बैडमिंटन में भी लगी रहती हैं। अब चरणजीत को और भी आगे आने वाले अंतरराष्ट्रीय खेलों में भाग लेना है। सिर्फ भारत ही नहीं उन्होंने हमारे राज्य दिल्ली का नाम रोशन किया है। चरणजीत का सुपुत्र गुरमेहर भी अभी 11 साल की उम्र से ही फुटबॉल में लगा हुआ है।

पेमेंट बेंकों की दैनिक डिपॉजिट सीमा हुई दोगुनी

मुंबई (वार्ता)। रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया (आरबीआई) ने बुधवार को पेमेंट बेंकों में डिपॉजिट की सीमा एक लाख रुपए से बढ़ाकर दो लाख रुपए करने का निर्णय लिया। मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के जारी बयान में आरबीआई ने कहा कि पेमेंट बैंक के डिपॉजिट की लिमिट को दुगना करना का निर्णय पेमेंट बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा के साथ-साथ वित्तीय समावेशन के लिए अपने प्रयासों को प्रोत्साहित करने और छोटे व्यापारियों सहित अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने की उनकी क्षमता का विस्तार करने को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। आरबीआई इस संबंध में हालांकि अलग से एक परिपत्र भी जारी करेगा।

आरबीआई ने डिजिटल पेमेंट कंपनियों के लिए भी नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (एनइएफटी) और रियल-टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) सुविधाओं का दायरा बढ़ाने का एलान किया है। इसके तहत अब पेमेंट बेंकों से भी एनइएफटी और आरटीजीएस के जरिए पैसे ट्रांसफर हो सकेंगे। इससे पहले यह सुविधा केवल अधिसूचित बैंकों के लिए ही उपलब्ध थी।

आरबीआई ने कहा कि पेमेंट्स बेंकों को यह सुविधा देने से फाइनेंशियल सिस्टम में सेटलमेंट खतरे को कम करने में मदद मिलेगी तथा इससे डिजिटल फाइनेंशियल सर्विसेज को भी बढ़ावा मिलेगा।

आरसीबी के डेनियल सैम्स को कोरोना, पडिकल टीम से जुड़े

बेंगलुरु (वार्ता)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ऑस्ट्रेलियाई आलराउंडर डेनियल सैम्स कोविड 19 के लिए पॉजिटिव पाए गए हैं जबकि देवदत्त पडिकल कोरोना से बाहर निकलकर वापस टीम के साथ जुड़ गए हैं।

फ्रैंचाइजी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया की सैम्स कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। सैम्स बेंगलुरु टीम के साथ गत तीन मई को नेगेटिव रिपोर्ट के साथ चेन्नई में जुड़े थे लेकिन वह आईपीएल की अनिवार्य टेस्टिंग प्रक्रिया में पॉजिटिव पाए गए हैं। टीम होटल में यह दूसरा टेस्ट आयोजित किया गया था।

सैम्स में कोरोना के कोई लक्षण नजर नहीं आ रहे हैं और इस समय वह निर्धारित चिकित्सा सुविधा में आइसोलेशन में रखे गए हैं। फ्रैंचाइजी ने बयान में साथ ही कहा कि बेंगलुरु की मेडिकल टीम सैम्स के लगातार संपर्क में है और बीसीसीआई प्रोटोकॉल्स के तहत वह लगातार सैम्स के स्वस्थ्य की निगरानी रखेगी।

इस बीच आरसीबी ने साथ ही बताया कि देवदत्त पडिकल ताजा टेस्ट में उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद टीम के साथ जुड़ गए हैं। पडिकल पिछले सत्र में आरसीबी के शीर्ष स्कोरर रहे थे। वह 22 मार्च को पॉज़िटिव पाए गए थे और बेंगलुरु में अपने निवास पर आइसोलेशन में थे।

बेंगलुरु टीम ने एक बयान में कहा,''हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिकल सात अप्रैल को टीम के साथ जुड़ गए हैं। उनकी ताजा रिपोर्ट नेगेटिव है। हमारी मेडिकल टीम देवदत्त के लगातार संपर्क में थी ताकि सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।''

पडिकल ने ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा, ''बीसीसीआई और आईपीएल के प्रोटोकॉल के अनुसार मुझे दो सपरताह तक अपने घर में क्वारंटीन में रहना पड़ा लेकिन मैं अब दो टेस्ट नेगेटिव आने के बाद तीन के साथ

घोषणा | अगली पीढ़ी के 2.0 एल, चार-सिलेंडर, टर्बोचार्ज्ड इनजेनियम डीजल इंजन की पेशकश की गई है

नई जगुआर एफ-पेस के लिए बुकिंग्स शुरू

- **पुरस्कार विजेता जगुआर एफपेस का संपूर्ण मेकओवर किया गया है, इसमें बेहतरीन एक्सपटीरियर डिजाइन, ऑल-न्यू- इंटीरियर, उन्नमत कनेक्टिविटी और एफिशिएंट पावरट्रेन्सए हैं**
- **पेट्रोल और डीजल पावरट्रेन पर आर-डायनामिक एस ट्रिम में भारत में पहली बार उपलब्ध है।**

मुंबई। जगुआर लैंड रोवर इंडिया ने आज से भारत में नए जगुआर एफ-पेस के लिए बुकिंग्सज शुरू करने की घोषणा की है। एक मुखर नए एक्सनटीरियर, खूबसूरती से तैयार किए गए सभी नए इंटीरियर, लेटेस्ट जनरेशन पीवी प्रो इन्फोटेनमेंट और इन-लाइन फोर-सिलेंडर पेट्रोल और डीजल इंजन के विकल्पर पसंद के साथ, नया जगुआर एफ-पेस ज्योादा लग?ज़ुरियर, कनेक्टेबड एवं एफिशिएंट है।

जगुआर लैंड रोवर इंडिया के प्रेसिडेंट और प्रबंध निदेशक रोहित सूरी ने कहा, अपने नवीनतम अवतार में, नई जगुआर एफ-पेस का स्टैंडआउट डिज़ाइन कंटूर्स, शानदार प्रदर्शन और अधिक लग्ज़ुपरियर एवं कनेक्टोड अनुभव भारत में कई दिलों को लुभाने के लिए तैयार है। नई जगुआर एफ-पेस को भारत में आर-डायनामिक एस ट्रिम में पेट्रोल और डीजल दोनों पावरट्रेन में पेश किया जाएगा और इसकी डिलीवरी मई 2021 से शुरू होगी। नए जगुआर एफ-पेस के बारे में और अधिक जानने के लिए कृपया www.jaguar.in पर जाएं।

भारत में जगुआर का उत्पाद पोर्टफोलियो

भारत में जगुआर रेंज में एक्सपई (46.64 लाख रूपये से शुरू), एक्सइुएफ (55.67 लाख रूपये से शुरू), आइ-पेस (105.9 लाख रूपये से शुरू), और एफ-टाइप (95.12 लाख रूपये से शुरु)। सभी उल्लेखित कीमतें भारत में एक्स-शोरूम की कीमतें हैं।

भारत में जगुआर लैंड रोवर रिटेलर नेटवर्क:

जगुआर लैंड रोवर के वाहन 28 अधिकृत आउटलेट्स के माध्यम से 24 शहरों में अहमदाबाद, औरंगाबाद, बेंगलुरू(3), भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली(2), गुड़गांव, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कोलकाता, कोच्चि, करनाल, लखनऊ, लुधियाना, मंगलौर, मुंबई (2), नोएडा, पुणे, रायपुर, सूरत और विजयवाड़ा में उपलब्ध हैं।

ईकॉमर्स के साथ बैस्ट प्राइस ने छोटे किराना कारोबारियों की सुरक्षा और बचत बढ़ाई

1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक किराना कारोबारी बैस्ट प्राइस ऐप, वैबसाइट से ऑनलाइन ऑर्डर कर के 'ऑनलाइन शॉपिंग धमाका माह' के दौरान बचत के ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं

बैंगलुरु। भारत में ही विकसित फ्लिपकार्ट ग्रुप के डिजिटल बी2बी मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट होलसेल ने अपने कैश-एंड-कैरी बिज़नेस बैस्ट प्राइस के सदस्यों के लिए 'ऑनलाइन शॉपिंग धमाका माह' की शुरुआत की है, जिसका लक्ष्य है देश भर के छोटे खुदरा व्यापारियों की बचत वृद्धि तथा ईकॉमर्स के माध्यम से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उनके दरवाज़े तक शीघ्रता से सामान पहुंचाना।

बैस्ट प्राइस कैश-एंड-कैरी के सदस्य बैस्ट प्राइस ऐप और वैबसाइट के जरिए ऑनलाइन ऑर्डर कर सकते हैं तथा दैनिक आवश्यकता की वस्तुओं पर 15 प्रतिशत तक की छूट के साथ-साथ विविध प्रकार के उत्पादों की फ्री डिलिवरी भी प्राप्त कर सकेंगे।

आदर्श मेनन, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं हैड - फ्लिपकार्ट होलसेल एंड वालमार्ट इंडिया, ने कहा, ''ईकॉमर्स खरीददारी के सुरक्षित व सुविधाजनक माध्यम के तौर पर उभरी है। ऐसे में ऑनलाइन शॉपिंग धमाका माह छोटे खुदरा विक्रेताओं, किराना कारोबारियों, ओ एंड आई शॉपर्स के लिए बहुत बढ़िया मौका है अपनी बिक्री व मुनाफा बढ़ाने का। फ्लिपकार्ट होलसेल में हमारी शीर्ष प्राथमिकता है देश भर के छोटे किराना व्यापारियों की वृद्धि एवं समृद्धि और साथ में उनकी सुरक्षा पर भी हमारा पूरा ध्यान है। ईकॉमर्स के माध्यम से छोटे खुदरा विक्रेताओं के लिए कारोबार को आसान बनाने का हमारा निरंतर प्रयास रहता है तथा उपयोगी जानकारी व स्टॉक चयन द्वारा हम उनकी मांग बढ़ाने की कोशिशों में सहयोग देते हैं। हमारा मानना है कि ऑनलाइन शॉपिंग धमाका माह हमारे बैस्ट प्राइस सदस्यों की अहम बचत कराने में बहुत मददगार साबित होगा और साथ ही इस चुनौतीपूर्ण समय में उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा।''

मंत्री ताम्रध्वज की अनुशंसा पर 10 निर्माण कार्यो के लिए राशि स्वीकृति

गरियाबंद। प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू के अनुशंसा पर 10 निर्माण कार्य हेतु कुल 59 लाख 99 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर द्वारा प्रदान किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद विकासखण्ड के ग्राम झितरीडुमर में मेन रोड से अंजोर ध्रुव घर सी.सी रोड निर्माण हेतु 10 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत डुमरबाहरा में बजरंग चैक से बनसिंग घर तक और ग्राम पंचायत दशपुर में चरण घर से प्राथमिक शाला तक सीसी रोड निर्माण हेतु प्रत्येक निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है। क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिया गया है।

शहीद जवान सुखसिंह व कांग्रेस नेत्री राठौर को शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि

गरियाबंद। गरियाबंद के शहीद जवान सुख सिंह फरस को एवं गरियाबंद के कांग्रेस नेता श्रीमती ममता राठौर के आकस्मिक निधन होने पर ग्राम कोपरा में गांधी चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। छत्तीसगढ़ में हुए नक्सली हमले में 23 जवान शहीद हुए है। इस घटना को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कायरता बतलाते हुए घटना की निंदा किया है। सभी शहीद जवानों को कोपरा के गांधी चौक में श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान शहीद जवान अमर रहे और भारत माता की जय के नारों के साथ कोपरा के गांधी चौक में शहीद जवान को नगर के गणमान्य नागरिकों सहित आम लोगो ने शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दिए है।

गाईड लाईन का पालन नहीं करने वालों को जुर्माना

भटगांव। पुलिस थाना भटगांव के थाना प्रभारी व नगर पंचायत द्वारा नगर के बन्दारी रोड के पास कोरोना संक्रमण के बचाव सुरक्षा के संबंध मे शासन द्वारा दिया गया। गाईड लाईन मास्क लगाने एवं सोशल डिस्टेंस का पालन करने हेतु कड़ाई से नियमों का पालन करने के निर्देश पर गाईड लाईन का पालन नहीं करने वाले लोगों पर जो बिना मास्क लगाएं रोड पर दो पहिया चार पहिया वाहन से आने-जाने वाले लोगों से दो पहिया चार पहिया वाहन को रोक कर जुर्माना (टैक्स) वसुली किया जा रहा है। एव ष्थ1द्वस्र 19 संक्रमण फैलने से सुरक्षा,बचाव के उपाय के बारे में जानकारी दिया जा रहा है। जिसमें मास्क लगाएं रखना,सोशल डिस्टेंस बनाये रखते हुए?। स्वयं की सुरक्षा करते हुए अपने अपने परिवार को तथा आस-पास के आम लोगों को इस महामारी से बचाना है। के संबंध में बताया समझा जा रहा है।

मुंह में राम बगल में छुरी वाली कहावत चरितार्थ कर रहे कांग्रेसी

विधायक का जन्मदिन मनाने पहुंचे सिंहदेव

आम जनता को नसीहत, खुद पालन नहीं कर रहे

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। प्रदेश में राजनांदगांव जिला वैश्विक महामारी कोविड-19 के फैलाव से वैसे ही पहले से परेशान है, और आज जिले के एक महिला विधायक अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाने लगी है। साथ ही उन्हें बधाई देने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री टी एस सिंह देव भी प्राइवेट हेलीकॉप्टर लेकर विधायक ग्राम पैरी पहुंचते हैं। इसी से समझ में आता है कि प्रदेश की सरकार महामारी से लड़ने के लिए कितनी तत्पर है। छत्तीसगढ़ प्रदेश की कांग्रेस सरकार के वरिष्ठ मंत्री स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव यूं तो रोजाना ही महामारी से लड़ने के लिए आम जनता को अपना नसीहत देते नजर आते हैं कि सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें, किसी भी तरह की शादी, मरनी, जलसा, रैली इत्यादि में भीड़ इकट्ठी ना करें। वही एक विधायक के जन्मदिन में केवल बधाई देने आना और वहां पहुंच केक काटना, भोजन कराना कितना जायज है।।। प्रदेश मे करोना सकंट के गंभीर दौर में भूपेश सरकार के सबसे सीनियर और काबिल स्वास्थ मंत्री जो आज ही कुछ देर पहले प्रदेश मे करोना महामारी को लेकर लाकडाऊन की बात करते है और उसी दिन राजनादगांव जिले के ग्राम खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू के जन्मदिन मे उनके ग्राम पैरी मे एक प्राईवेट हेलीकॉप्टर से पहुच कर जन्मदिन की बधाई देने आते है। जहां उक्त कार्यक्रम में ग्रामीण जन, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी आदि मंत्री जी को देखने नियम और प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ाते हैं। ऐसे हालातों में मंत्रियों के दौरे से आखिर क्या फ़ायदा होगा जब कोरोना की महामारी के त्रासदी से लोग गुजर रहे हो। दूसरी ओर नक्सल हमले में 22 जवानों की शहादत हो जाती है और शहीदों में एक जवान जिले से भी है ।

क्या जनप्रतिनिधियों को ऐसी विकट घड़ी में नैतिकता को भूलकर खुशियां मनाना, केक काटना, भोज कराना, भीड़ इकट्ठी करना कहां तक उचित जान पड़ता है।

सवाल तो गंभीर इसीलिए हो जाता है की सबसे विद्वान सौम्य सरल प्रदेश के सबसे कद्दावर नेता की गिनती में आने वाले, प्रदेश में दूसरे मुख्यमंत्री के रूप में अपनी पहचान व पैठ रखने वाले मंत्री अगर प्रोटोकॉल और नियम की धज्जियां उड़ाने में आमदा हो जाए, वो भी प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री कोरोना महामारी के कठिन दौर में तो क्या बचा ?

कभी कभार पंचायत में दर्शन देने वाले सचिवों पर अधिकारी मेहरबान

देवभोग ।अधिकारियों द्वारा लगातार ग्राम पंचायत सचिवों को आय दिन पंचायत जाने और ग्रामीणों को सरकारी योजना का लाभ दिलाने के साथ समय सीमा पर जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र और राशन कार्ड संबंधित कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए निर्देशित करने के बाद भी। केकराजोर और सिहारलेटी पंचायत के सचिव सप्ताह सप्ताह भर पंचायत से नदारद रहते हैं। मतलब पंचायत संबंधित हर छोटी-बड़ी काम के लिए आम ग्रामीणों को इन सचिवों के पीछे चक्कर लगाना मजबूरी हो गया है। इसके अलावा मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण योजना का लाभ भी गांव के अंतिम व्यक्ति को नहीं मिल पा रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी इन पंचायत के वृद्ध बुजुर्गों को उठाना पड़ता है। क्योंकि ना समय सीमा पर पेंशन मिलता है। और ना पेंशन स्वीकृति के लिए कागजी दस्तावेज जमा हो पाती है। जबकि पंचायत के ग्रामीण और प्रशासन के बीच का कड़ी ग्राम पंचायत सचिवों को माना जाता है ।लेकिन वही पंचायत सचिवों की उदासीनता का खामियाजा दोनों पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। क्योंकि अक्सर इस पंचायत के गेट पर ताला लटका हुआ होता है।

जिसके चलते मजदूर से लेकर बुजुर्ग हितग्राही तक परेशान नजर आते हैं ।जिसे लेकर कई बार बैठक एवं अधिकारियों को अवगत कराया गया। लेकिन अफसोस की बात है इन पंचायत सचिव के कार्य प्रणाली पर किसी प्रकार सूधार नहीं आ पाया। शायद यही कारण है कि केकरा जोर और सिहारलेटी पंचायत के सचिव को हटाने की मांग लगातार किया जा रहा है। क्योंकि पंचायत में ना मनरेगा कार्य में गति देखने को मिल रहा है। और ना 14 वें 15 वें वित्त मद के अनुसार विकास हो रहा है ।जिसे सरपंच को अवगत कराने पर सचिव के पंचायत नहीं आने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। इसलिए सरपंचों को भी ग्रामीणों के खरी-खोटी का सामना करना पड़ता है। क्योंकि अधिकांश ग्रामीणों को समय पर जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिल पाता जिसके चलते आम ग्रामीणों को सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ता है। जिससे अधिकारी भी अच्छी तरह अवगत हैं। लेकिन इन सचिव पर कार्यवाही की जगह मेहरबान नजर आ रहे हैं ।

जिले के राजिम, छुरा और फिंगेश्वर में कन्टेनमेंट जोन

गरियाबंद। जिले के राजिम, छुरा और फिंगेश्वर तहसील में गत दिवस नये धनात्मक कोरोना मरीज मिलने से संबंधित क्षेत्र के चौहद्दी को कन्टेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के नगर पंचायत राजिम के वार्ड नम्बर-02, वार्ड नम्बर-11, वार्ड नम्बर-14 तथा नगर पंचायत फिंगेश्वर के वार्ड नम्बर-02, वार्ड नम्बर-03, वार्ड नम्बर-04, वार्ड नम्बर-06, वार्ड नम्बर-07, वार्ड नम्बर-08, वार्ड नम्बर-10, वार्ड नम्बर-12, वार्ड नम्बर-13 और नगर पंचायत छुरा के वार्ड नम्बर-02, वार्ड नम्बर-11, वार्ड नम्बर-12, वार्ड नम्बर-15 , छुरा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पाण्डुका के वार्ड नम्बर-16, ग्राम पंचायत सारागांव के वार्ड नम्बर-01, वार्ड नम्बर-02, ग्राम पंचायत अकलवारा के वार्ड नम्बर-05, ग्राम पंचायत गाड़ाघाट के वार्ड नम्बर-02 और ग्राम पंचायत खड़मा के वार्ड नम्बर-10 में कोरोना पॉजिटिव मिलने के पश्चात संबंधित चौहद्दी को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार क्षीरसागर द्वारा कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है।

बढ़ते कोरोना को देख नहीं लगेंगे मोहल्ला क्लास, डीईओ ने जारी किया निर्देश, शिक्षकों व पालकों ने माना आभार

बालोद। लगातार बालोद जिले में बढ़ते कोरोना केस को देखते हुए अब जिला शिक्षा अधिकारी ने बालोद जिले में मोहल्ला क्लास को नहीं लगाने के निर्देश दिए हैं। हालांकि इसको लेकर अलग से विधिवत आदेश जारी नहीं हुआ है। पर व्हाट्सएप ग्रुप में इस संबंध में निर्देश जारी करके डीईओ ने लिखा है कि बढ़ते कोरोना केस को देखते हुए मोहल्ला क्लास ना लगाया जाए। डीईओ के उक्त निर्देश के बाद शिक्षक संगठनों ने भी राहत की सांस ली है। तो वही बच्चों के पालकों ने भी इस पर हामी भरी है कि खतरे को देखते हुए सही फैसला लिया गया है। बता दें कि मोहल्ला क्लास को बंद करने को लेकर विभिन्न शिक्षक संगठन ने डीईओ व बीईओ को ज्ञापन दिया था। तो वहीं अलग-अलग क्षेत्र से शिक्षकों के भी कोरोना पॉजिटिव आने के बाद से इस पर लगातार मांग उठ रही थी कि मोहल्ला का क्लास फिलहाल बंद किया जाए। स्थिति ठीक होने के बाद इसे लगाया जाए। पर जिले के अधिकारी शासन से इस संबंध में बंद को लेकर आदेश जारी ना होने की बात कहकर इस पर कोई जवाब नहीं दे रहे थे। अब जाकर शिक्षा अधिकारी आरएल ठाकुर ने इसमें निर्देश जारी किया है व मोहल्ला क्लास को बंद करवाया गया है। कुसुमकसा के जनपद सदस्य संजय बैस ने कहा कि विगत दिनों जब वे कुसुमकसा के ही एक वार्ड में संचालित मोहल्ला क्लास का जायजा लेने पहुंचे थे तो वहां बच्चे बिना मास्क के पढ़ाई करते मिले थे। सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन नहीं हो रहा था। इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर को भी जानकारी दी थी और उन्होंने निवेदन भी किया था कि मोहल्ला क्लास को बढ़ते कोरोनावायरस देखते हुए बंद किया जाए। जिसके बाद उन्हें कलेक्टर का मैसेज में जवाब आया और इधर डीईओ द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप में बंद को लेकर निर्देश जारी किया गया। जनपद सदस्य संजय बैस ने इस फैसले पर जिला प्रशासन का आभार जताया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

दिशा-निर्देशों का कड़ाई...

संक्रमण को रोकने में कामयाबी मिली थी, उसी तरह के सक्रिय सहयोग की अभी जरूरत है।

10वीं बोर्ड की 15 अप्रैल ..

किसी विषय या सभी विषयों की परीक्षा में अनुपस्थित रहते हैं, तो उनकी अंकसूची में अनुपस्थित न रहकर लिखा जाएगा। ऐसे विद्यार्थी को उन विषय में अंक नहीं दिए जाएंगे परन्तु उसे पास श्रेणी में उत्तीर्ण माना जाएगा। ऐसे विद्यार्थी जिनकी अंकसूची में ष्ब्ष् अंकित है। उनके लिए पूरक परीक्षा के साथ विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी और विशेष परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर उनकी अंकसूची में ष्ब्ष् के स्थान पर प्राप्तांक अंकित कर पुनरीक्षित अंकसूची जारी की जाएगी और उन्हें श्रेणी भी दी जाएगी। माध्यमिक शिक्षा मण्डल के सचिव ने बताया कि सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए सभी मान्यता प्राप्त शालाओं को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा कक्ष में प्रवेश से लेकर छात्रों की बैठक व्यवस्था में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित करने के साथ ही कक्ष की बैठक क्षमता के अनुरूप 50 प्रतिशत छात्रों को ही उस कक्ष में बैठाएं जाने के निर्देश दिए गए हैं।

सभी छात्रों, शिक्षकों और शालाओं के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मास्क पहनना अनिवार्य होगा। परीक्षा केन्द्र को सेनेटाईज करने के साथ ही छात्रों, शिक्षकों एवं शालाओं के अधिकारियों-कर्मचारियों के हाथों को सेनेटाइज करने की व्यवस्था के भी निर्देश दिए गए हैं। कोरोना पीड़ित छात्र को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी।

हां, देशमुख ने उगाही करने ...

और इसके मालिक मनसुख हिरेन की हत्या के मामले में गिरफ्तार वाझे इस समय एनआईए की रिमांड पर है और बुधवार को ही स्पेशल कोर्ट ने सीबीआई को भी उससे पूछताछ की इजाजत दी है। मुंबई के पूर्व कमिश्नर परमबीर सिंह की ओर से देशमुख पर लगाए गए आरोपों की जांच सीबीआई को सौंपी गई है।

परमबीर सिंह ने आरोप लगाया था कि पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख ने ही वाझे को हर महीने 100 करोड़ रुपए की वसूली का टारगेट दिया था और इसके तरीके भी बताए थे। उन्होंने मुंबई में 17 सौ से अधिक बार और रेस्त्रां से वूसली करने को कहा था। हाई कोर्ट की ओर से इस केस की जांच सीबीआई से कराए जाने के आदेश के बाद अनिल देशमुख को पद से इस्तीफा देना पड़ा है। हालांकि, उद्धव सरकार अभी भी देशमुख का बचाव कर रही है और इस आदेश के खिलाफसुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

पंजाब में 30 अप्रैल...

की समीक्षा को लेकर बैठक हुई, जिसके बाद यह फैसला लिया गया था। बता दें कि कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पहले ही संकेत दिए थे और कहा था कि यदि लोग नहीं माने तो फिर 8 अप्रैल से सख्ती लागू की जा सकती है।

प्रदेश सरकार ने राजनीतिक आयोजनों पर पूरी तरह से रोक लगाने का आदेश दिया है। इसके अलावा किसी आउटडोर इवेंट में अधिकतम 100 लोग और इंडोर आयोजन में 50 लोग ही शामिल हो सकेंगे। पंजाब में बढ़ते कोरोना के केसों को लेकर केंद्र सरकार ने भी चिंता जताई है और कहा है कि राज्य में मिलने वाले 80 फीसदी केस यूके वैरिएंट के हैं, जो पहले से ज्यादा खतरनाक है और युवाओं को भी चपेट में ले रहा है। उत्तर भारत में पंजाब लगातार चिंता की वजह बना हुआ है। कहा जा रहा है कि प्रदेश में विदेशों से आने वाले लोगों की संख्या अधिक है और इसके चलते भी कोरोना का संक्रमण पैर पसार रहा है।

100 ज्यादा लोगों को ...

सरकारी एवं निजी कार्यालयों में केंद्र स्थापित शुरू कर सकते हैं। पत्र के साथ इसके लिए एक विस्तृत नियमावली भी भेजी गई है। इनमें कहा गया है कि किसी सरकारी एवं निजी कार्यालय में तभी कोरोना वैक्सीन केंद्र बनाया जा सकता है जब वहां कम से कम 100 कार्मिक टीका लगाने के योग्य हों। यानी वह 45 साल से अधिक उम्र के हों और वहां कार्यरत हों।

नक्सलियों ने जारी की अगवा...

नक्सलियों ने तस्वीर जारी की है। इस तस्वीर में राकेश्वर सिंह मन्हास ताड़ के पत्तों से बनी झोपड़ी में बैठे हैं। उस झोपड़ी में बैठे जवान के दहाने के हाथ में रस्सी से बंधा हुआ नजर आ रहा है। तस्वीर में देखने पर वहीं कोबरा बटालियन का यह जवान पूरी तरह से स्वस्थ दिख रहा है। नक्सलियों ने कुछ ही समय पहले यह तस्वीर जारी की थी।

उल्लेखनीय है कि नक्सलियों की दण्डकारण्य स्पेशल ज़ोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प द्वारा मंगलवार को जारी प्रेस नोट में नक्सलियों ने कोबरा बटालियन के बंधक जवान को छोड़ने के संबंधी बयान भी जारी करते हुए सरकार को मध्यस्थों के नामों का ऐलान करने की बात कही थी। जिसके बाद नक्सल संगठन बंधक जवान को रिहा करेंगे। वहीं तब तक जवान को अपने कब्जे में सुरक्षित रखने की बात कही थी।

मध्यस्थ टीम पहुंच नक्सलियों तक

वही दूसरी ओर, बंधक जवान की रिहाई के लिए नक्सलियों से बातचीत करने जेल बंदी रिहाई समिति को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस समिति में सामाजिक कार्यकर्ता सोनी सोरी, सुजीत शर्मा समेत अन्य सदस्य शामिल हैं। खबरों के अनुसार, समिति के सदस्य जवान को छुड़ाने के लिए निकल चुके है जो बुधवार दोपहर तक नक्सलियों के ठिकाने तक पहुंचेंगे और उनसे बातचीत करेंगे।

जवान राकेश्वर सिंह मन्हास के बुधवार शाम तक सकुशल वापसी के कयास लगाए जा रहे हैं।

माओवादी नेता ने जारी किया मारे गए चारों नक्सलियों की नाम समेत फोटो और लूटे गए हथियारों की तस्वीर। माओवादियों के दण्डकारण्य स्पेशल ज़ोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने जारी किया प्रेस नोट, मुठभेड़ में 4 माओवादियों के मारे जाने की बात को किया स्वीकार। जीरा गांव मे हुए हमले में माओवादियों ने 24 जवानों को मारने का किया दावा, पुलिस पर 2020 से अब तक 150 ग्रामीणों की हत्या का भी लागाया आरोप। मुठभेड़ से पहले जीरा गांव में ग्रामीण माड़वी सुखलाल की हत्या का पुलिस पर लगाया आरोप।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय में मामला क्रमांक 202112111000007
विषय-अ-20(3) मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2020-21
भाटापारा प.ह.नं. 00011 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - भोला प्रसाद गुप्ता,
अनावेदक पक्षकार - छत्तीसगढ़ शासन,

ईश्तहार

सर्वसाधारण जनता भाटापारा प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. भाटापारा तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोला प्रसाद गुप्ता पिता सुखदेव गुप्ता जाति बनिया निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार- भाटापारा छ.ग. द्वारा भाटापारा स्थित नजूल शीट क्रमांक 18 ब, प्लाट नंबर 04 क्षेत्रफल 19 वर्गमीटर भूमि उसके नाम पर दर्ज, जिसे भूमि स्वामी हक प्रदान किए जाने हेतु पट्टे की छायाप्रति, शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा सुनवाई हेतु दिनांक 29/04/2021 को नियत किए गए हैं।

अतः उक्त आवेदित भूमि को भूमि स्वामी हक में प्रदान किए जाने में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को यदि किसी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो वे दिनांक 29/04/2021 को स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.04.2021 को जारी किया जाता है।

सील
INDIRA DEOHARI
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजनांदगांव (छ.ग.)
07744-224035 (O) E-mail-eeraj-phe-cg@nic.in
// ई-प्रोक्योरमेंट //
// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र - ''ए'' में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजनांतर्गत जिला राजनांदगांव के विभिन्न विकासखण्डों के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में आर.सी.सी. उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण का सम्पूर्ण कार्य, पाईप लाईन स्पेशल्स सहित प्रदाय कर जोड़ने, बिछाने, इन्टरकनेक्शन, सबमर्सिबल पंप का प्रदाय एवं स्थापना कार्य, विद्युत विभाग (CSEB) से इलेक्ट्रिक कनेक्शन, स्वीच रूम, बाउण्ड्रीवाल, इलेक्ट्रोक्लोरीनेटर स्थापना, क्लोरीनेटर रूम, घरों एवं शासकीय संस्थानों में कार्यरत नल कनेक्शन प्रदाय करने संबंधी आदि समस्त कार्य, टेस्टिंग 03 माह का ट्रायल रन, 6 माह तक संचालन संधारण का कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित, संलग्न शेड्यूल अनुसार) की मुहरबंद निविदाएं दिनांक 24.02.2021 से ऑनलाईन पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त कार्य के निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 12.04.2021 से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 28.04.2021 (शाम 5.30 बजे) तक है।

क्र.	निविदा/सिस्टम क्रमांक	ग्राम/विकासखंड का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)
1	02/75732	रीवागहन (डोंगरगांव)	29.59
2	03/ 75739	सालिकझिटिया (डोंगरगांव)	30.32
3	04/75740	पेटेश्री (डोंगरगांव)	29.99
4	05/75741	भोथीपारकला (राजनांदगांव)	18.69

जी-60114/3
कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड,
राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मैन्युअल पद्धति निविदा सूचना
क्रमांक/495/लोक कर्म/निविदा आमंत्रण/2021 कुम्हारी, दिनांक 06/04/2021

नगर पालिका परिषद कुम्हारी हेतु निम्नानुसार कार्य हेतु एकीकृत पंजीयक ठेकेदारों/ फर्म / एजेंसी से निविदा फार्म B में एस.ओ.आर. लोक निर्माण विभाग प्रचलित दर अनुसूची 01.01.2015 भवन के आधार पर सीलबंद लिफाफे में निविदा दरें प्रतिशत आधार में कम या अधिक के आधार पर केवल स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 20/04/2021 सायं 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र हेतु क्रय की अंतिम तिथि - 22/04/2021 सायं 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रस्तुत किए जाने की अंतिम तिथि - 27/04/2021 सायं 4.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 27/04/2021 सायं 4.30 बजे से

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)
1	नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रांतर्गत पेयजल आपूर्ति हेतु विभिन्न वार्ड में स्थापित 20 नग ओवर हेड/सम्पवेल पानी टंकी का आधुनिक पद्धति से सफाई कार्य। (टंकी में अनुमानित पानी क्षमता लगभग 25 लाख लीटर)	5.00

नियम एवं शर्तें :- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट में uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कुम्हारी

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड धमतरी (छ.ग.)
Email ID-eedha-phe-cg@nic.in Telephone Number- 07722-238719
// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र- ''ए'' में प्रतिशत दर पर जल जीवन मिशन के रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजनांतर्गत निर्माण कार्यों हेतु निम्नलिखित आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा क्र./दिनांक सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू.लाख में)
205/31.03.2021, 75321	विकासखंड धमतरी के ग्राम भोयना।	40.28
206/31.03.2021, 75325	विकासखंड धमतरी के ग्राम झिरिया।	70.17
207/31.03.2021, 75326	विकासखंड धमतरी के ग्राम खरेंगा	68.42
208/31.03.2021, 75327	विकासखंड धमतरी के ग्राम भोथली।	71.46
209/31.03.2021, 75328	विकासखंड धमतरी के ग्राम डाही।	68.99
210/31.03.2021, 75329	विकासखंड धमतरी के ग्राम मुड़पार।	42.41
211/31.03.2021, 75330	विकासखंड धमतरी के ग्राम छाती।	155.74
212/31.03.2021, 75333	विकासखंड धमतरी के ग्राम कंडेल।	79.09
213/31.03.2021, 75334	विकासखंड धमतरी के ग्राम गोपालपुरी।	53.81
214/31.03.2021, 75335	विकासखंड धमतरी के ग्राम अछोटा	55.15
215/31.03.2021, 75336	विकासखंड धमतरी के ग्राम सांकरा।	67.34
216/31.03.2021, 75337	विकासखंड धमतरी के ग्राम कोलियारी।	78.41
217/31.03.2021, 75338	विकासखंड धमतरी के ग्राम बरारी।	60.20
218/31.03.2021, 75339	विकासखंड धमतरी के ग्राम लीलर।	37.73
219/31.03.2021, 75340	विकासखंड धमतरी के ग्राम खरतुली।	45.78
220/31.03.2021, 75341	विकासखंड धमतरी के ग्राम अकलाडोंगरी।	52.76
221/31.03.2021, 75342	विकासखंड धमतरी के ग्राम अर्जुनी।	54.14
222/31.03.2021, 75343	विकासखंड धमतरी के ग्राम बोड़रा (स)।	60.91
223/31.03.2021, 75344	विकासखंड धमतरी के ग्राम लोहरसी।	54.36
224/31.03.2021, 75345	विकासखंड धमतरी के ग्राम पोटियाडीह।	55.38
225/31.03.2021, 75346	विकासखंड धमतरी के ग्राम रांवा।	76.96

नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि की विस्तृत निविदा, विज्ञापित निविदा, दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) से दिनांक 06.04.2021 से देखा जा सकता है एव दिनांक 20.04.2021 सायं 5.30 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।

जी-60106/2
कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
धमतरी (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

बढ़ रहा कोरेना संक्रमण 10वी व 12वी की ऑनलाइन परीक्षा ले सरकार: सोनू साहू

खरोरा। कोरेना संक्रमण बहुत ही तीव्र गति से बढ़ रहा है,प्रदेश में रोज 4 हजार से 5 हजार नए मरीज मिल रहे है,वही पीड़ितो की 40 से 50 पॉजिटिव मरीजों कि रोज मृत्यु हो रही है ,कई शहरों या जिलों में तो। लॉकडाउन शुरू हो गया है, प्रदेश में इस तरह के भयानक स्थिती में 10वी व 12वी बोर्ड परीक्षा को ऑफलाइन मोड में लिया जाना खतरनाक साबित हो सकता है, सोनू साहू ने आगे कहा कि ज्यादातर स्कूलों में विद्यार्थियों ने ऑनलाइन के माध्यम से पढ़ाई किये हैं, तो विद्यार्थियों की परीक्षा भी ऑनलाइन होना चाहिए, वही दूसरी ओर बच्चों का विषय पाठ्यक्रम भी पूर्ण नही हुआ था अब चिन्ताजनक बात यह है कि पाठ्यक्रम पूरा ना हो पाने से बच्चे परीक्षा में आखिर क्या लिखेंगे, इन्ही सब समस्याओ को दृष्टिगत रखते हुए बोर्ड परीक्षा को ऑफलाइन मोड में लेने की मांग करते हुए सोनू साहू ने कहा कि प्रदेश में कोरेना का संक्रमण बढ़ रहा है ,जिससे छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है , चुंकि बहुत से बच्चे अलग-अलग गांव से परीक्षा देने पहुँचते है।

35 छात्राओं को सायकल वितरण किया

खरोरा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंगोली मे छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत् कक्षा 9 वीं के कुल 35 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। रायखेड़ा संकुल के समन्वयक सूर्यकॉत ठाकुर ,प्राचार्य अभिलाषा ईन्दवार,सरपंच-झुकूराम बॉधे,उपसरपंच-विजय वर्मा,सविता चंद्राकर-प्रधान पाठक,डोमार धुरंधर सहित संस्था के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

22 शहीदों को श्रद्धॉजली: नक्सल हमले मे शहीद कुल 22 जवानों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धॉजली अर्पित किया गया इसके अलावा संस्था के पूर्व शिक्षिका व प्रथम प्राचार्य गुणवती बघेल को भी श्रद्धॉजली दिया गया 7 उक्त सभी कार्यक्रमों मे कोविड 19 का प्रमुखता से पालन किया गया।

शासकीय हाई स्कूल मुरा में साइकिल वितरण किया गया

खरोरा। छत्तीसगढ़ की शासन अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना सरस्वती साइकिल वितरण योजना के ग्राम पंचायत मूरा के तिल्दा विकास खण्ड के शासकीय हाई स्कूल में हाई स्कूल की कक्षा नवमी की 24 छात्राओं को नि शुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद सभापति तिल्दा श्रीमती कंचन टोकेन्द्र गायकवाड ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रही है तथा प्रदेश में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि सुजीत कोसले के व्दारा छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा छात्राओं के हित में अनेकों विकास कार्य किए जा रहे हैं ताकि हर लड़कियों को अच्छी से अच्छी सुविधा प्राप्त हो वही छात्राओं को स्कूल जाने के लिए लंबी दूरी तय करना पढ़ रहा था इन सब परेशानियों को देखते हुए शासन के द्वारा कन्याओं को साइकिल दिया गया ताकि हर कन्या स्कूल समय पर पहुंच सके और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े ।

कोरोना के चलते राजस्व प्रकरण आगामी माह तक स्थगित

बेमेतरा। कोरोना वायरस कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव के हेतु जिले के समस्त नगरीय निकायों को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है, ऐसी स्थिति मे राजस्व न्यायालय मे पक्षकारों एवं उनके अधिवक्ता, प्रकरणों में नियत सुनवाई तिथि को उपस्थित हो रहे हैं। जिसके कारण राजस्व न्यायालय मे बड़ी संख्या मे ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के पक्षकारों के इकट्ठे होने से पुनः कोरोना संक्रमण की संभावना बढ़ रही है। कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु राजस्व न्यायालय में सुनवाई हेतु माह अप्रैल-2021 में नियत समस्त राजस्व प्रकरणों को स्थगित रखा जाकर आगामी माहों मे सुनवाई हेतु तिथि नियत की जावे। इस आशय का आदेश कलेक्टर बेमेतरा द्वारा जारी कर दिया गया है।

निर्धारित समय के बाद खुले दुकानों पर हुई कार्यवाही

बेमेतरा। कलेक्टर बेमेतरा शिव अनंत तायल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशानुसार दिनांक 6 अप्रेल को बेमेतरा नगर में एडीएम संजय दीवान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल बैस, मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर ने राजस्व, पुलिस विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से लॉक डाउन का पालन नही करने एवं निर्धारित समय 2 बजे के बाद खुले दुकानों का औचक निरीक्षण कर कार्यवाही किया गया। अधिकारियों द्वारा पुरे शहर में भ्रमण कर निरीक्षण कर चालानी कार्यवाही की किया गया। मटन मुर्गा मार्केट में कुछ दुकानें खुली पाई गई जिसके विरूद्ध कार्यवाही की गई। लॉकडाउन नियमों का पालन किये जाने हेतु नवीन बाजार में संचालित थोक एवं चिल्हर सब्जी बाजार को कृषि उपज मंडी प्रांगण में स्थानांतरित कर व्यवस्थित कर सुबह 6 सें दोपहर 2 बजे तक संचालन के निर्देश दिये गये। निर्धारित समय के पश्चात गौरव पथ स्थित न्यु अमर मेन्स पार्लर खुला पाया गया जिसे सील किया गया, कवर्धा रोड़ में मुर्गा दुकान के विरूद्ध भी कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान अधिकारियों द्वारा नागरिकों को मास्क पहनने, अनावश्यक घर से न निकलने एवं लॉकडाउन के निर्देशों का पालन करने हेतु अपील किया गया। यह कार्यवाही सतत् जारी रहेगा। इस दौरान मास्क नहीं पहनने वाले व दोपहर 2 बजे के बाद दुकान बंद नहीं करने वाले 15 लोगों से 63 सौ रु समझौता शुल्क लिया गया ।

महिला के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा। दिनांक 4 अप्रेल को प्रार्थिया (पीडिता) ने थाना हाजिर आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 21.03.2021 के शाम 6:30 बजे रोजाना की तरह गांव के मरघटिया में शौच के लिए अकेली गयी थी और शौच कर वापस घर आ रही थी कि वही लगभग 7 बजे शाम को दीपक पाटिल, गंगाराम पाटिल, नेतू पाटिल अचानक मेरे पास आये और मुझे बिना कुछ बोले तीनो ने पकडकर लिये। उसके बाद गांगाराम व नेतु पाटिल दोनो पैर को पकडे और दीपक पाटिल मेरे साथ जबरन दुष्कर्म किया है कि रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध क्र. 231/2021 धारा 376 ए, 506 भादवि, 3, (2) (ङ्क) एससी/एसटी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस के द्वारा एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के साथ थाना प्रभारी बेमेतरा निरीक्षक राजेश मिश्रा एवं थाना स्टाफको आरोपी के विरूद्व तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

अतिक्रमण की भेंट चढ़ा अंग्रेजों के जमाने का कुआं, जिम्मेदार मौन

नवप्रदेश संवाददाता

> मामले को संज्ञान में लेकर जांच करवाया जाएगा और अगर कुआं को पाटा जा रहा है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही भी किया जाएगा
>
> **अनुपम आशीष टोप्पो,** एसडीएम देवभोग

देवभोग। एक ओर राज्य एवं केंद्र सरकार करोडो रुपए खर्च कर जल संरक्षण के लिए लाखों कुआं स्वीकृत कर रही है। तो दूसरी ओर अधिकारियों के नाक नीचे सरकारी कुआं पर अतिक्रमण किया जा रहा है। कुछ कुआं तो सिर्फ सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज है। लेकिन वह कुआं जमीनी स्तर से वर्षों पहले गायब हो चुके हैं। और वर्तमान में भी कुछ जगह पर अतिक्रमण करने की तैयारी में दिखाई पड़ रही हैं। यहां बताना लाजमी होगा कि करीब 50 साल पहले माझी पारा मार्ग से लगे नरहरी देशमुख घर के आगे विशाल सरकारी कुंआ रहा। इसके साथ मुख्यालय के राजापारा पर भी अंग्रेजों के जमाने से कुंआ स्थापित था। जहां का पानी देवभोग सहित आजू बाजू गांव के लोग भी पीते रहे। लेकिन अब वह कुआं को पाटकर अतिक्रमण कर लिया गया है ।जबकि चंद माह पहले हाई स्कूल की शासकीय कुआं को पाटकर उसके आगे भवन निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा राजापारा प्राथमिक कृषि संस्था के बाजू में रहे कुआं पर वेस्ट दवाई इंजेक्शन डालकर पाटने की तैयारी किया जा रहा है ।कुछ स्तर तक पाट भी दिया है। मतलब सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज कुआं अतिक्रमण की भेंट चढ रहा है। और बचे कुआं को कुछ लोग पाटने में कामयाब भी हो रहे हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण को रोकने की पहल नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते वाटर लेवल भी तेजी से गिरने की संभावना बनती है। क्योंकि कुआं का पानी ही वाटर लेवल को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। बावजूद इसके धड़ाधड़ कुआं पर अतिक्रमण का सिलसिला चल रहा है ।ऐसे में सरकार की जल संग्रहण की मंशा पूरा होना नामुमकिन है ।सबसे खास बात तो यह है कि कुआं पर अतिक्रमण के रोकथाम के लिए ना राजस्व विभाग रुचि दिखा रहा है। और ना जिम्मेदार अधिकारी गंभीर है। शायद यही वजह है कि लोग सरकारी कुआं को पाटने में काफी हद तक सफल हो रहे हैं। और जिस गति से कुआं पर अतिक्रमण किया जा रहा है। उससे आने वाले दिनों में ब्लॉक में शासकीय कुआं जमीनी स्तर पर मिलना मुश्किल होगा। क्योंकि मुख्यालय ।पर प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शासकीय कुआं का अस्तित्व खत्म हो रहा है तो गांव गांव की कुआं को बचाने की कल्पना कैसे किया जा सकता है। जबकि प्रशासनिक तौर पर कई चेहरे बदले गए लेकिन कुआं पर अतिक्रमण कर रहे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही तो दूर समीक्षा तक नहीं हो पाई ।ऐसे में जल बचाओ योजना कहां तक कारगर साबित होगा ।

शहरी समेत ग्रामीण अंचल कोरोना की जद में, मौत का आंकड़ा भी बढ़ा

■ व्यापारिक संस्थाएं खोलने-बंद करने का समय भी बदला

गरियाबंद। कोरोना का कहर लगातार जारी है, शहरी इलाकों के साथ ही ग्रामीण अंचल भी इसकी चपेट में हैं। जिले में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं, जो कि जिला प्रशासन के लिए चिंताजनक है। कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव को लेकर लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके बावजूद कोरोना के मामले कम होते नजर नहीं आ रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 अप्रैल की देर रात जारी किए आंकड़ों के मुताबिक गरियाबंद जिले में 64 नए कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान हुई और कोरोना से मैनपुर में 69 वर्षीय पुरूष व कुकड़ा छुरा में 80 वर्षीया महिला की मौत भी हुई है। जिसके बाद जिले में मौत की संख्या बढ़कर 66 हो गई है। जिले में कुल एक्टिव मरीजों की संख्या 549 हो गई है। वहीं 36 लोग स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज किए गए हैं।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कंटेनमेंट जोन के चिन्हित क्षेत्र अंतर्गत सभी दुकाने एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान आगामी आदेश पर्यन्त तक बन्द रहेंगे। सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्ण प्रतिबन्ध रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी को छोड़कर अन्य किन्हीं भी कारणों से घर के बाहर निकलना प्रतिबंधित रहेगा। संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व) को संबंधित क्षेत्र के सम्पूर्ण प्रभार का दायित्व सौंपा गया है। आवश्यक व्यवस्था के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उपरोक्त समस्त अधिकारी-कर्मचारी आपस में समन्वय बनाकर समस्त दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उक्त क्षेत्रों में शासन की दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य किया जायेगा।

कंटेनमेंट जोन घोषित

जिले के विकासखंडों में पिछले कुछ दिनों से नए कोरोना संक्रमित मिलने के बाद संबंधित क्षेत्र के चौहद्दी को कन्टेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। जिसमें राजिम, छुरा और फिंगेश्वर तहसील शामिल है। जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के नगर पंचायत राजिम के वार्ड नम्बर-02, वार्ड नम्बर-11, वार्ड नम्बर-14 तथा नगर पंचायत फिंगेश्वर के वार्ड नम्बर-02, वार्ड नम्बर-03, वार्ड नम्बर-04, वार्ड नम्बर-06, वार्ड नम्बर-07, वार्ड नम्बर-08, वार्ड नम्बर-10, वार्ड नम्बर-12, वार्ड नम्बर-13 और नगर पंचायत छुरा के वार्ड नम्बर-02, वार्ड नम्बर-11, वार्ड नम्बर-12, वार्ड नम्बर-15 , छुरा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पाण्डुका के वार्ड नम्बर-16, ग्राम पंचायत सारागांव के वार्ड नम्बर-01, वार्ड नम्बर-02, ग्राम पंचायत अकलवारा के वार्ड नम्बर- 05, ग्राम पंचायत गाड़ाघाट के वार्ड नम्बर-02 और ग्राम पंचायत खड़मा के वार्ड नम्बर-10 में कोरोना पॉजिटिव मिलने के पश्चात संबंधित चौहद्दी को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार क्षीरसागर द्वारा कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है।

शहर की दुकानों के खुले रहने का नया आदेश जारी

गरियाबंद एसडीएम ने कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए दुकानों के खोलने को लेकर नया आदेश जारी किए हैं, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। नए आदेश के मुताबिक गरियाबंद शहर में व्यापारिक प्रतिष्ठानों/दूकानों के खुले रहने का समय प्रातः 6 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। रेस्टोरेन्ट/भोजनालय, टेक-अवे आधार पर उपभोक्ताओं को भोजन रात्रि 08 बजे तक प्रदाय कर सकते है। चाय/नाश्ता/गुपचुप चाट/ आईसक्रीम एवं अन्य सभी ऐसे ठेले जो खाद्य सामग्री/पदार्थ का विक्रय करते हैं, वे केवल पार्सल सेवा प्रदाय करेंगें। अति आवश्यक सेवा वाले प्रतिष्ठानों/दूकानों (यथा मेडिकल स्टोर्स, पेट्रोल पंप) एवं शासकीय प्रतिष्ठानों/दुकानों को छोड़कर सभी पर यह आदेश लागू होगा।

कबीरधाम जिले के ग्रामीण क्षेत्र में लगने वाले हॉट बाजार, साप्ताहिक बाजार को आगामी आदेश पर्यंत तक बंद रखने के आदेश जारी

कवर्धा । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री रमेश कुमार शर्मा ने कोरोना वायरस, कोविड-19 के संक्रमण से बचाव को विशेष ध्यान रखते हुए कबीरधाम जिले के समस्त हॉट बाजार, साप्ताहिक बाजार को आगामी आदेश पर्यंत तक बंद रखने के आदेश जारी किए है। जारी आदेश में बताया गया है कि भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा जारी गाईडलाईन के अनुसार कोरोना वायरस कोविड-19 नियंत्रण के संबंध में पूर्व लागू अधिकांश प्रतिबंधों में समय-समय पर स्वतः छूट प्रदान की गई थी। उपर्युक्त आंशिक प्रतिबंधों संबंधी आदेशों की समीक्षा की गई, जिसमें वर्तमान में कोरोना पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के फलस्वरूप जिला प्रशासन के द्वारा प्रत्येक स्तर पर पूर्व में अधिरोपित्त प्रतिबंधो, शर्तो का कडाई से पालन सुनिश्चित कराने के लिए सम्पूर्ण कबीरधाम जिला अतर्गत दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 प्रभावशील की गयी है। कबीरधाम जिले के ग्रामीण अंचलों में कोरोना संक्रमित प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। अतः जिले में प्रभावशील पास के परिपेक्ष्य में कोरोना संक्रमण के प्रसार के रोकथाम हेतु ग्रामीण क्षेत्रो में लगने वाले हॉट बाजार, साप्ताहिक बाजार को आगामी आदेश पर्यंत तक बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है। आदेश के उल्लंघन करने वाले व्यक्ति, प्रतिष्ठान भारतीय दण्ड सहिता 1860 की धारा 188 सहपठित आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60 एवं महामारी नियंत्रण अधिनियम 1897 की धारा के तहत दण्डनीय होगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

कन्टेन्टमेंट क्षेत्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कवर्धा। जिला कलक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कवर्धा शहरी क्षेत्र के कन्टेन्टमेंट जोन घोषित अनेक मोहल्लों का निरीक्षण किया। उन्होंने पांच या अधिक कोरोना पॉजिटिव प्रकरण मिलने पर उक्त पारा अथवा मोहल्ले मात्र को ही कन्टेन्टमेंट जोन घोषित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पूरे वार्ड को कन्टेन्टमेंट जोन बनाने के बजाए यह चिन्हाकित करें कि सम्बन्धित वार्ड के किन मोहल्लों में कोरोना संक्रमितों की संख्या अधिक है और उन पारा अथवा मोहल्लों को ही कन्टेन्टमेंट ज़ोन में रखें। ऐसा करने से सीमित लोगों को नियंत्रण में रखने व कोरोना प्रकरणों को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने कन्टेन्टमेंट जोन के पारा मोहल्ले वालों से गाइड लाइंस का पालन करते हुए समझदारी का परिचय देने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि बेवजह बाहर घूमकर स्वयं व अपनों की जान जोखिम में डालने से बचें।

होम आइसोलेशन में रहकर यदि बाहर घूमते पाए गए तो होगी कड़ी कार्रवाइः कलेक्टर श्री शर्मा ने होम आइसोलेशन में रह रहे लोगों के द्वारा गाइड लाइन फॉलो न करते हुए लापरवाही करने पर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को कोविड केयर सेंटर दाखिला कर उपचार व देखभाल किया जाएगा उसके पश्चात दंडात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया की जाएगी। यदि विपरीत परिस्थिति तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बरों पर सम्पर्क करने करके सहयोग लेने के लिए भी उन्होंने सलाह दिया है।

कन्टेन्टमेंट जोन एरिया की दुकानें खुली पाई गई तो 14 दिन के लिए कर दी जाएगी सील: कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी एस डी एम, जनपद सी ई ओ व तहसील दारों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि यदि कन्टेन्टमेंट जोन में किसी की दुकान खुली मिले तो उसे 14 दिनों के लिए सील कर दी जाए। उन्होंने कहा कि अति आवश्यक उपयोग की दुकानें जैसे डेयरी, दवा दुकान आदि खुली रखी जाएंगी और यहां मास्क लगाकर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा।

सुकरत्रई योजना के तहत सुकरो का वितरण

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। छत्तीसगढ राज्य पशुधन विकास विभाग द्वारा संचालित सुकरत्रई योजना चलाया जा रहा है जिसके तहत लाभार्थियो को इसका लाभ मिल रहा है। जिला प्रशासन एवं पशुधन विकास विभाग राजनांदगांव के मार्गदर्शन पर गंडई पशुचिकित्सालय के अंतर्गत आने वाले गौठान ग्राम में हितग्राहियों का नाम छत्तीसगढ़ पशुधन विकास विभाग की सुकर त्रई योजना हेतु नाम प्रस्तावित किया गया था जिसमे कल दिनांक 07 अप्रेल को घर पहुँचकर वितरण किया गया जिसमेंसुकलिया बाई गोंड़पैलीमेटाए कुंभलाल मेरावीडुमरियाए भरतलाल गोंड़ लमरा;मानपुर पहाड़ीद्धए रमेश गोंड़ एशिवकुमार गोंड़दरबानटोला इस योजना से लाभान्वित हुए मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा उनकी उपस्थिति में वितरण किया गया। जिसमे विभाग की ओर से डॉ संदीप इंदुरकर प्रभारी पशुचिकित्सालय गंडई साथ मे कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता ओमप्रकाश रजक मोहगांव उपस्थित रहे। पशुचिकित्सालय गंडई प्रभारी चिकित्सक संदीप इंदुलकर ने बताया की इस सुकरत्रई में शासन द्वारा 90 प्रतिशत अनुदान एवं 10 प्रतिशत हितग्राही द्वारा अंशदान राशि ली जाती हैऔर इस योजना में उन्नत नश्ल के दो मादा एक नर सुकर प्रदाय किया जाता है।

सब्जी बाजार बेमेतरा के चार स्थानों पर लगेगा

बेमेतरा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने एक आदेश जारी कर कोरोना वायरस कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए नगर पालिका परिषद बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत सब्जी बाजार के लिए स्थल निर्धारित किया है। जारी आदेश मे कहा गया है कि भद्रकाली परिसर के सामने मे स्थित नवीन मार्केट के समस्त सब्जी, फल, मुर्रा, पसरा व्यापारियों को मंगलवार 6 अप्रैल 2021 से अपना व्यवसाय अस्थाई रुप से प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थानों पर प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित करेंगे। मार्केट संचालित होने वाले स्थान-शिव मंदिर के पास पिकरी मे कवर्धा/नवागढ़ रोड से आने वाले सभी व्यवसायी अपनी दुकान लगायेंगे।

जन सहयोग से कराया बोर, दूर हुई जल की समस्या

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। ग्राम पंचायत धनेली के शीतला पारा के युवाओं ने गांव को पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए एक अनूठा कदम उठाया है। यहां के ग्रामीणों ने आपस में चंदा करके 1 लाख 20 हजार रुपये जुटाए और गांव में एक तालाब के किनारे बोर करवाकर पानी की समस्या दूर की गई। दरअसल में गांव के अन्य सरकारी बोर और हैंडपंप लगातार बढ़ती गर्मी से वाटर लेवल डाउन होने के कारण बंद हो गए थे। इससे वार्ड 1 से लेकर 7 तक के लोगों को पानी को लेकर बहुत परेशानी हो रही थी। हैंड पंप बंद हो गए थे तो और कोई स्त्रोत भी नहीं बचा था, जिससे पानी भर सके। लोग दूसरे वार्ड में पानी के लिए भटक रहे थे। इसे देखते हुए गांव के युवाओं ने तय किया कि पानी की समस्या का कोई ना कोई रास्ता निकाल लेंगे। फिर बैठक लेकर तय हुआ कि क्यों ना मिल कर एक बोर कराया जाए। गांव में सरकारी बोर फेल होने से एक चिंता यह भी थी कि हम बोर आखिर कहां कराएं कि पानी आसानी से निकले। ऐसे में गांव के एक आदिवासी किसान शीतल सिंह ठाकुर जिनका तालाब है, उनसे बात की गई कि उनके तालाब के किनारे एक बोर करवाएंगे। ग्राम हित को देखते हुए किसान राजी हो गया और उनकी निजी जमीन पर सबकी सहमति व चंदे से हासिल रकम के जरिए बोर करवाया। देखते-देखते बोर एक ही प्रयास में सफल हो गया और वहां पर अब सिंटेक्स की टंकी व नल कनेक्शन लगा दिया गया है। जिससे अब ग्रामीण आसानी से पानी भर सकते हैं। इस जल स्त्रोत से वार्ड 1 से लेकर 7 तक के ग्रामीण भी पानी भरने के लिए आते हैं। जिन्हें पहले काफी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। इस पहल से ग्राम पंचायत धनेली के उन सेवा भावी ग्रामीणों व युवाओं की काफी सराहना हो रही है जिन्होंने बिना किसी पंचायत प्रशासन व सरकार के सहयोग के गांव में व्याप्त पानी की समस्या का हल निकाला और सफल भी हुए। ग्रामीणों के इस प्रयास को देखते हुए गुरूर के एक कबीर ट्रेडर्स के संचालक नूरसिंह केहरी ने वहां पर सिंटेक्स टंकी भी लगाई तो वहीं अन्य ग्रामीणों ने यथासंभव सहयोग किया।

हर परिवार ने की आर्थिक मदद

ग्रामीणों ने बताया कि पानी की समस्या से जूझ रहे थे इसलिए इसका हल निकालने के लिए सभी तत्पर थे और जब सुझाव आया कि एक बोर करवाया जाएगा सब का सहयोग जरूरी है तो फिर हर ग्रामीण ने इसमें अपना अंशदान दिया। लगभग हर घर से 200 से 500 तो कई संपन्न परिवारों ने 1000 तो किसी ने ?2000 तक दान दिए और देखते-देखते बोर करवाने के लिए पर्याप्त रकम इकट्ठा हो गई। जन सहयोग से 90 हजार रुपये जुटाए गए तो वहीं गांव के शीतला पारा के युवाओं द्वारा भी अलग से फंडिंग की गई थी। इन सभी रकम को मिलाकर एक नया बोर खनन कराया गया। जिससे अब पूरे मोहल्ले को पेयजल की आपूर्ति हो रही है। इसमें पंचायत की ओर से फिलहाल कोई सहयोग नहीं मिला है ।ग्रामीणों ने स्वयं के निजी अंशदान व आपसी सहयोग से यह पहल की है। एकता की अनूठी मिसाल ग्रामीणों ने पेश की है। यह पहल ये साबित करती है कि गांव में किसी भी तरह की समस्या है तो हम उसका डटकर सामना करने के लिए तैयार है और पानी की शुरुआती समस्या को भांपते हुए आने वाले दिनों में दिक्कत का सामना ना करना पड़े इसलिए ग्रामीणों ने जल्द से जल्द कदम उठाया और बोर कराया। ग्रामीण नीलकंठ शहरे, सेवा नृवित्त प्राचार्य हैं, जिनका इस पहल में अहम योगदान रहा। शुरुआत इन्हीं से ही हुई। उनके बेटे मोहन शहरे जिन्होंने बोर करवाने की शुरुआत की फिर जो भी खर्च आया उसे ग्रामीणों ने सब मिलकर वहन किया।

9 में 7 हैंडपंप व 5 में 4 बोर बंद

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगभग 9 हैंडपंप जिसमें 7 बंद हो चुके हैं दो ही चालू है। तो वहीं सरकारी बोर जो नल जल योजना के तहत खोदे गए हैं वे पांच में चार बार बंद हो चुके हैं सिर्फएक के भरोसे काम चल रहा है। इससे पानी की समस्या बढ़ गई थी। धनेली एक बड़ा पंचायत है आबादी भी ज्यादा है। इसे देखते हुए ग्रामीणों ने पानी की समस्या दूर करने के लिए यह प्रयास किया। प्रमुख रूप से चिमन साहू, व्यास विश्कर्मा, वीरेंद्र गंगबेर, टोडरमल, पुनेश्वर साहू, रूपराम केहरी, कन्हैया यादव, भोज उंदे, मोहन शहरे, इंदल साहू,पुनेश्वर विश्वकर्मा, हेम कुमार, सतीश केहरी, पंच तमेश्वरी ठाकुर का भी योगदान रहा।

नव प्रदेश | आखिरी पन्ना | रायपुर, गुरुवार, 8 अप्रैल 2021

जंगल में लगी है आग, शासकीय वाहन है खराब रेंजर कर्मी फंसे बैकुंठपुर में

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। गर्मी के दिनों की शुरूआत हो चुकी है खासकर ऐसे मौसम में वनों में आग लगाने का ज्यादा खतरा रहता है जिसके लिए वन विभाग पहले से ही मुस्तैद रहती है ताकि वनों को आग से बचाया जा सके। लेकिन फिर भी अधिकारियों कर्मचारियों की लापरवाही से जंगलो में आग लग ही जाती है जिससे वनों को काफी नुकसान होता है।

जिले के एकमात्र राष्ट्रीय उद्यान में लापरवाही थमने का नाम नही ले रही वही यहा पदस्थ ज्यादातर प्रभारी रेंजर जिला मुख्यालय में ही रहकर अपने सर्किल छेत्र की निगरानी कर रहे जिससे वन छेत्रो की सुरक्षा को लेकर अंदाजा लगाया जा सकता हैं जब कि कुछ दिनों पूर्व ही छेत्र कि जिला पंचायत सदस्य सोनहत ने वनों में आग लगने व प्रभारी अधिकारी के मुख्यालय में नहीं रहने को लेकर आरोप लगा चुका है। वही यहाँ पदस्थ रेंजरों से ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों के द्वारा आगजनी की सूचना को लेकर फोन रिसीव नही करना आम बात है फिर भी राष्ट्रीय उद्यान के संचालक लगातार मिल रही शिकायत को लेकर गंभीर नही यह कहना भी गलत नही होगा ।

हाल ही में कोरिया जिले का इकलौता गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र का काफी हिस्सा आग की चपेट में था। आग पर काबू पाने की जिनकी ड्यूटी होती है वे ही उस क्षेत्र से नदारत रहते है फिर आग बुझेगी कैसे ऊपर से एक पार्क परिक्षेत्र कर्मी के रेंजर साहब का शासकीय वाहन भी ऐसे समय पर बैकुंठपुर आकर खराब हो गया कि रेंजर साहब को अब वापस जाने पर भी सोचना पड़ रहा है।

उधर जंगल मे आग इधर वाहन खराब। रेंजर साहब बड़ी दुविधा में है बैकुंठपुर से आग बुझाये भी तो कैसे, वही सोनहत, रामगढ़ व रेहड़ छेत्र में भी प्रभारी रेंजरों के मुख्यालय में नही रहने के आरोप लग चुके हैं ऐसे में आगजनी से वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठना लाजमी हैं।

जानकारी के अनुसार इन दिनों पार्क के अधिकांश परिक्षेत्र आग की चपेट में है जिस कारण सैकड़ो हेक्टेयर के पौधों के जलने के साथ साथ वन प्राणीयों के जान को भी खतरा बना रहता है दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण पार्क परिक्षेत्र अधिकारी भी अपने अपने मुख्यालय से ज्यादातर नदारत रहते है जिससे सही वक्त पर आग पर काबू नही पा सकते और न ही वन्य जीवों की रक्षा कर पाते है।इसका ताजा उदाहरण है पार्क परिक्षेत्र कमर्जी के रेन्जर कुंवर बहादुर सिंह।

सूत्र बताते हैं कि कमर्जी रेन्जर जब भी संचालक कार्यालय बैकुंठपुर आते है तो उनका वाहन कुछ न कुछ खराबी हमेशा रहती है।वाहन ठीक कराने के बहाने रेन्जर साहब सप्ताह सप्ताह भर बैकुंठपुर में ही रहते है।

तनीक भी चिंता नहीं

वर्तमान की बात करें तो कमर्जी रेन्जर साहब की शासकीय वाहन पिछले तीन दिनों से एक बार फिर बैकुंठपुर में बिगड़ी पड़ी है। वाहन बिगड़ने की दशा में रेन्जर साहब बैकुंठपुर में ऐसे फसें है जैसे कोई बाढ़ में फंसा हो।रेन्जर साहब को तनिक भी चिंता नही है कि उनके परिक्षेत्र अंतर्गत वनों में लगी आग को जा कर बुझाए, पूछने पर उनका कहना है कि बुझाने वाले कर्मचारी रखे गये हैं व व्यवस्था दिया गया हैं वे आग बुझाऐंगे ,मैं पैदल थोड़े न जाऊंगा,जब गाड़ी ठीक हो जाएगा तभी बैकुंठपुर से जाऊंगा।यही हाल रेहड़ व सोनहत छेत्र का भी जहा के प्रभारी अधिकारी जिला मुख्यालय से ही वनों की निगरानी रखे हुए है जब कि वनों की अवैध कटाई की चर्चाएं भी छेत्र में हैं ऐसे में राष्ट्रीय उद्यान की निगरानी व सुरक्षा बैकुंठपुर में रहकर करना किसी चमत्कार से कम नही ।

एसडीएम ने दुकानदारों व ग्राहको से की मास्क लगाने की अपील

- **बगैर मास्क के घूमने वालो से वसूला 11 हजार रूपये का जुर्माना**

मैनपुर। मुख्यालय मैनपुर मे आज मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुरज कुमार साहू ने लोगो को कोरोना के बढते स्वरूप व कोविड 19 निर्देशो का पालन कराने खुद सड़को में घूम घूम कर लोगो से मास्क व संक्रमण से बचने हाथो को बार बार साबुन धोने अपील किया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुरज कुमार साहू, तहसीलदार कृष्णमूर्ति दीवान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नरसिंह ध्रुव ने राजस्व विभाग, पंचायत एवं पुलिस विभाग के साथ मिलकर मैनपुर नगर का पैदल भ्रमण किया और मुख्य मार्ग से लेकर गलियों तक संचालित दुकानो मे दुकान दारो को मास्क लगाने व कोविड 19 निर्देशो का पालन कराने निर्देश दिया गया। वही दुसरी ओर नगर में मोटर सायकल से बेवजह बगैर मास्क पहने घुम रहे लोगो से पुछताछ किया गया और उनके द्वारा टालमटोल जवाब देने पर तत्काल बगैर मास्क पहने के कारण जुर्माना वसुला गया जिससे भारी हडकम्प मची रही, बडी संख्या में आज नगर में बगैर मास्क पहने बेवजह घुम रहे लोगो से जुर्माना वसूलने का सिलसिला जारी रहा तो वही दुसरी ओर उम्र दराज बुजूर्ग लोगो से बकायदा नरमी से पेश आते हुए आला अधिकारियों ने उन्हे मास्क पहनने की अपील किया गया।

चरौदा गांव में जलस्त्रोत सूखा निस्तारी व पेयजल की समस्या

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चरौदा में निस्तारी व पेयजल संकट गहराने लगा है। 2500 की आबादी वाले चरौदा गांव में पानी के लिए मारामारी है पानी के लिए यहाँ हाथापाई की नौबत भी आ जाती है। क्षेत्र में जल स्तर नीचे चले जाने से यह नोबत उत्पन्न हुई है। अब भूमिगत जलस्तर नीचे गिरने से नलकूपों से पानी निकलना बंद हो गया है। नलकूपों में अब पानी नहीं आने से आम जनता में त्राहिमाम मचा हुआ है। चरौदा गांव में वैसे तो 7-8 जगहों पर हैंडपंप है जिसमें से सिर्फ 1 हैंडपंप से पानी निकल रहा है। इसी हैंडपंप के भरोसे पूरे गांव की प्यास बुझ रही है, लिहाज़ा हैंडपंप से पानी लेने सुबह से भीड़ लगने शुरू हो जा रही,इस दौरान पानी लेने एक दूसरे लड़ते झगड़ते रहते है।

बताया कि नलों में पानी के लिए मारामारी है। महिलाओं के बीच आए दिन विवाद की स्थिति रहती है। नलों से पानी भरने के लिए गरीब बस्तियों में नल खुलने से पहले ही लोगों की कतार लग जाती है। दर्जनों की संख्या में हर घर से बर्तन निकाले जा रहे हैं। नलों से लोग पीने के पानी के अलावा, निस्तारी तथा कूलरों को भरने के लिए भी पानी ले रहे हैं।

चरौदा निवासी चेतन सिन्हा युगल किशोर सिन्हा दुर्गा प्रसाद सिन्हा मनोज पटेल सरपँच प्रतिनिधि घनश्याम ध्रुव रविन्द्र ध्रुव पूरन ध्रुव रजऊ ध्रुव पार्थिक यादव खोरबाहरा सिन्हा टँकु सिन्हा इतवारी सिन्हा भागवत सिन्हा परमेश्वर महाराज रेवा निर्मलकर अशोक ध्रुवंशी अशोक निर्मलकर हरक निर्मलकर सुकृत पटेल ने हरिभूमि को बताया कि

पेयजल समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। गांव में पानी के लिए मोहल्लवासियों के बीच झूमा-झटकी के साथ ही हाथापाई की नौबत आ रही है। नगर में पिछले वर्ष की गर्मी में भी यही स्थिति बनी थी। इन ग्रामीणों ने कहाकि सिंचाई विभाग के अधिकारी से वह निरन्तर मांग कर रहे कि निस्तारी के लिए नहरों में पानी छोड़े। लेकिन उनकी कोई नही सुन रहे है। नहरों में पानी आने से जलस्तर भी बढ़ जाएगा ।

वहीं इस वर्ष अल्प वर्षा के कारण गांव के 2 निस्तारी तालाबों की स्थिति और भी चिंताजनक बनी हुई है। अल्प वर्षा के कारण तालाब व कुएं सूखने के साथ ही जल स्तर के नीचे चले जाने से ग्रामीणों को निस्तारी करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में पानी के विकराल समस्या के पीछे कई कारण है। जिसमें से जल आवर्धन योजना का प्रारंभ न होना भी प्रमुख है।

जनपद सदस्य सिदार पर लगा गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप

- **आरोपी के विरुद्ध भादवि की धारा 294, 323 एवं 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे जुटी पुलिस**

नवप्रदेश संवाददाता

सक्ती। सक्ती रियासत सफेद महल के स्व. कुमार पुष्पेंद्र बहादुर सिह की पुत्रवधू श्रीमती दिव्या सिंह के द्वारा धर्मेंद्र सिदार पिता स्व. धनेश्वर सिदार के विरुद्ध लिखित आवेदन लेकर पुलिस थाना सक्ति में एफआईआर दर्ज कराने पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार गाली गुप्तार कर धक्का मुक्की कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए 28 मार्च को आवेदन लेकर पुलिस थाना पहुंची थी। परंतु दिव्या सिंह को बिना पावती तथा शिकायत दर्ज ना कर थाने से लौटा दिया गया था जिस पर दिव्या सिंह के द्वारा कई बार शक्ति थाना एवं जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन दिया गया और कार्रवाई करने के लिए निवेदन किया गया। परंतु किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही थी जिस पर उनके द्वारा पुनः पुलिस अधीक्षक महोदय से निवेदन किया गया एवं लिखित आवेदन लेकर उपस्थित होने पर पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर के उप पुलिस अधीक्षक माधुरी धीरही को दिशा निर्देश दिया गया। निर्देश प्राप्त होते ही शक्ति थाने पहुंच कर कथन ब्यान पश्चात अपराध पंजीबद्ध किया गया । पीड़िता दिव्या सिंह पति वीर विक्रम सिंह उम्र 46 वर्ष साकिन सफेद महल सक्ती थाना सक्ती जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. के द्वारा अपने लिखित आवेदन में एवं कथन में बताया गया कि मैं सफेद महल स्वर्गीय पुष्पेंद्र बहादुर सिंह की पुत्र वधू हूँ तथा मुझे पीला महल में बडे रानी साहब गीता देवी सिंह ने दिनांक 28 मार्च 2021 को अपने कक्ष में उपर के मंजिल में भोजन करने के लिये बुलाई मुझे अक्सर खाना खाने के लिये बुलाती रहती है। मुझे 28 मार्च को बुलवाई तब मै उनके महल गई और वहां से खाना खाकर नीचे उतर कर अपने कमरा सफेद महल जाने के लिए करीबन 07.30 बजे पीला महल के नीचे उतरी तब वहां पर धर्मेन्द्र सिदार मिला और मुझे बुरी-बुरी गालिया देकर बोला कि तुम पीला महल मेरे घर मत आना दुबारा आओगे तो मै तुम्हे जान से मरवा कर तुम्हारी लाश को ऐसी जगह फेंकवा दुगा जिसे पुलिस भी नहीं खोज पायेगी तथा मेरे नाबालिक लड़की देविका को सफेद महल से पीला महल ले जा कर रखता था और मेरे विरूध्द में उसे भड़काता था तब मैने मना कर उसे बोली तुम मुझे कैसे मरवाओगे कहकर बोली तो उसने मुझे मारने के लिये दबोच लिया और मेरे हाथ को पकड कर मारा जिससे मेरे बांया हाथ की कलाई तथा चिनी उंगली एवं दोनो पैर के पीडली में चोंटे आई है।

खेल मैदान मे बने व्यावसायिक परिसर को तोड़ने की उठी मांग

- **प्रेम भुवन प्रताप सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भवन परिषर एवं खेल मैदान का**
- **सीमांकन कार्य राजस्व अधिकारी तथा कर्मचारियों ने किया**
- **नगर के नागरिको की उपस्थिति मे स्कूल सीमा मे आने वाले जगहों का नाप कर किया चिन्हांकित**

नवप्रदेश संवाददाता

भटगांव । नगर पंचायत भटगांव के श्री प्रेम भुवन प्रताप सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भवन परिषर एवं खेल मैदान का सीमांकन कार्य राजस्व अधिकारी तथा कर्मचारियों ने भटगांव के सौ से अधिक वरिष्ट नागरिकों के उपस्थिति मे पूर्ण किया उक्त सीमांकन किसान विकास समिति भटगांव व प्रेम भुवन प्रताप सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य तथा वरिष्ट नागरिकों के मांग पर जिला कलेक्टर के आदेश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टी.आर.महेश्वरी, तहसीलदार करूणा अहेर व राजस्व निरिक्षक घनश्याम साव, बिहारी लाल आदित्य, गणेश राम साहू, पुरूषोत्तम पटेल पटवारियों ने आवेदकों तथा नगर के नागरिको की उपस्थिति मे स्कूल सीमा मे आने वाले जगहों का नाप कर चिन्हांकित किया। जहां स्कूल परिषर से खेल मैदान से पटवारी आफिस के पिछे तक प्रेम भुवन प्रताप सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का जमीन है जिन्हे चिन्हाकित किया गया साथ ही स्कूल मैदान मे बने काम्प्लेक्स भी स्कूल के मैदान मे ही बना है जिसका नक्सा बना कर जिला कलेक्टर के पास प्रेसित करेंगे। आपको बता दे कि जो विद्यालय के खेल मैदान पर अवैध रूप से काम्प्लेक्स निर्माण कराया गया है जो विवाद नगर पंचायत के साथ लगभग एक वर्ष पूर्व से चल रहा है। जहां व्यावसायिक परिषर निर्माण को किसान विकास समिति तथा नगर के वरिष्ट नागरिक गणों ने भी गलत मानते हुए नगर पंचायत परिषद भटगांव के विरूध्द शिकायत क्रमवार उच्च न्यायालय बिलासपुर त् पहुंचाया गया है। जिन्होने भटगांव के हित मे मनमानी पूर्वक निर्मित व्यावसायिक परिषर के 40 दुकानों को तोड़कर पूर्ववत रखने की मांग नगरवासियों द्वारा किया गया है। जहां इन सभी दुकानों का निलामी कर उंची - उंची किमतो पर दे दिया गया जो जांच का विषय है। जहां सीमांकन के समय वे विभिन्न मिडिया प्रभारी नगर के नागरिक विद्यालय के प्राचार्य के साथ किसान विकास समिति के लोग खेल मैदान मे बने व्यावसायिक परिषर को तोड़ने की मांग कर रहे क्योकि यहा के लोगो को व्यावसायिक परिषर नही खेल मैदान चाहिए जहां व्यावसायिक परिषर बनने के कारण खेल मैदान छोटा हो गया है जिससे खिलाड़ियों को खेल खेलने मे काफी दिक्कतें आ रही है। जहां खेल मैदान मे बने व्यावसायिक परिषर को तोड़ने की मांग नगरवासी कर रहे है जहां सीमांकन करने गये लोगो मे प्रमुख रूप से छोटे लाल केशरवानी, तुलसी आदित्य, विश्राम केंवट, लखेश्वर राय, रामाधीन साहू, ढोलाराम सायतोड़े, नत्थू प्रसाद केशरवानी, प्रमोद शर्मा, हीरा राम हिरवानी, धनवंतु पटेल, रविन्द्र सिंह, खेमलाल साहू, लक्ष्मण साहू, रामलाल साहू, बालमुकुन्द आदित्य, धनसाय साहू, मनोज टण्डन, खेलू देवांगन, भागीरथी जायसवाल, नेमीचंद केशरवानी, संजीव साहू, राजू केशरवानी, प्रयाग केशरवानी, लक्ष्मण पटेल, महेश धीवर, लाला धीवर, धनेश्वर देवांगन, गुहा यादव, गगन वैष्णव, सहित एक सौ से अधिक की संख्या मे वरिष्ट नागरिक व नगरवासी उपस्थित रहे थे।

क्षेत्र में नवरात्रि की तैयारी शुरू

मां बंजारी मंदिर में भी होने लगी साफ-सफाई

बोड़ला। विकासखंड क्षेत्र के माता के मंदिरों में बसंती नवरात्रि पर्व के आयोजन की तैयारियां जोर शोर से होने लगी है।विकासखण्ड मुख्यालय के समस्त माता देवालयों के साथ साथ नगर के शीतला मंदिर में भी मंदिर परिसर की साफ-सफाई की जा चुकी है और मंदिर का रंग रोगन के कार्य को भी पूरा कर लिया गया है। क्षेत्र के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बंजारी मन्दिर चिल्फी घाटी जबलपुर रोड एन एच में भी नवरात्रि पर्व की तैयारी जोरों पर है ।वनांचल में मैकल पर्वत के बीच व्यवस्थित मा बंजारी सिद्ध पीठ में 40 सालों से ज्योति प्रज्वलित किया जा रहा है इस विषय में जानकारी देते हुए मां बंजारी सेवा समिति के एवं मंदिर के मुख्य पुजारी विजय गोस्वामी ने बताया कि उनके दादाजी मान गिर गोस्वामी द्वारा 1980 के पहले से मां बंजारी की पूजा अर्चना जोत जलाकर की जाती रही है।बंजारी मंदिर का वर्तमान स्वरूप नहीं बना था काफी पहले से ही उनके दादाजी के द्वारा मिट्टी के झोपड़े में मां बंजारी की प्रतिमा के पास निरंतर ज्योति प्रज्वलित कर पूजा पाठ किया जाता था । 1986 के आसपास बोड़ला के प्रमुख व्यवसायी लक्ष्मी नारायण केशरवानी काशी प्रसाद केसरवानी स्वर्गीय बिंदा प्रसाद केसरवानी चिल्फी घाटी के सहयोग से मां बंजारी के वर्तमान स्वरूप मंदिर का निर्माण हुआ ।लेकिन माताजी अपने स्थान से हटने के लिए तैयार नहीं हुई फल स्वरूप उनके पुराने स्थान में ही माताजी को खुले रूप में प्रतिष्ठित रहने दिया गया। इस तरह प्रारंभ से ही मां बंजारी में मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित करने की परंपरा रही है जिसे मान गिर गोस्वामी के बाद उनके पुत्र गोकुल गोस्वामी अब उनके पुत्र विजय गोस्वामी व मां

40 वर्षों से जल रही है मनोकामना ज्योति कलश

मां बंजारी मंदिर के पुजारी विजय गोस्वामी ने बताया मां बंजारी मंदिर में सन 1980 के पहले से उनके दादाजी के द्वारा ज्योत जलाए जाने की परंपरा प्रारंभ की गई थी, उसके बाद से लगातार 40 वर्षों से यहां मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किया जा रहा है पुजारी श्री गोस्वामी ने बताया कि माता के मंदिर में भक्तों के मनोकामना सिद्ध होने के कारण से श्रद्धालुओं द्वारा माता के मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित करने की परंपरा बढ़ती जा रही है ।दादाजी के समय में पहले दो चार भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करवाई जाती थी ,लेकिन अब मां बंजारी के मंदिर में ढाई सौ से तीन सौ श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश स्थापना कराई जाती है। नवरात्रि पर्व में यहां मेले सा माहौल रहता है काफी दूर-दूर से भक्त गण अष्टमी के हवन के लिए यहां पहुंचते हैं मंदिर में आयोजित भंडारा में प्रसाद पाने सैकड़ों श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।